दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 237 | जयपुर | मंगलवार ,1 जुलाई, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## हिमाचल में भारी बारिश- 285 सड़कें बंद, 39 की मौत

### लैंडस्लाइड के बाद टनल में 5 घंटे फंसी रहीं गाड़ियां; बिहार में 5 लोगों पर बिजली गिरी

बढ़ता राजस्थान

**कुल्लू ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सडकों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाडियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।बिहार के भोजपुर, बक्सर और नालंदा में बिजली गिरने से 5 की मौत हो गई। वहीं, गया के इमामगंज में लगुराही वाटरफॉल में



रविवार को अचानक पानी बढ़ गया। तेज बहाव में 6 लड़कियां बह गईं। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।मौसम विभाग के अनुसार, आज 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश होगी। उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में तेज बारिश का ऑरेंज और 17 राज्यों में यलो अलर्ट है।

### जम्मू में मकान पर बिजली गिरी, परिवार की जान बची

जम्मू शहर के बाहरी इलाके में सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक घर पर बिजली गिरी, जिससे घर को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना जम्मू जिले के बिश्नाह तहसील के धिनाडी खुर्द गांव की है। बिजली गिरने के कारण घर के कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो गए।

### हिमाचल में कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड, बाइकर बचा

हिमाचल प्रदेश में कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर सोलन के सलोगडा के पास लैंडस्लाइड हुआ। रास्ते से गुजर रहा बाइक सवार बाल-बाल बच गया।

## 5 देशों की कूटनीतिक यात्रा पर जा रहे हैं मोदी

### ब्राजील से त्रिनिदाद तक- भारत के प्रभाव क्षेत्र का तेजी से हो रहा विस्तार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच देशों के इस दौरे के माध्यम से भारत न केवल नए बाज़ार तलाश रहा है, बल्कि आपसी सहयोग, ग्लोबल गवर्नेंस सुधार, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी साझेदारी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी मजबूत कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा चार अन्य देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए कुल पांच देशों की यात्रा करेंगे। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील के अलावा घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया की यात्रा पर भी जाएंगे। मोदी की यात्रा से जुड़े कार्यक्रम की घोषणा करते हुए विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा का मुख्य केंद्र बिंदु ब्राज़ील के शहर रियो डी जनेरियो का दौरा होगा, जहां प्रधानमंत्री छह और सात जुलाई को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। हम आपको बता दें कि ब्रिक्स दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है, जिसमें वैश्विक जनसंख्या का लगभग 49.5 प्रतिशत, सकल घरेलू उत्पाद का करीब 40 फीसदी और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत शामिल है।

ब्रिक्स में मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। 2024 में इसका विस्तार करके इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया, तथा इंडोनेशिया 2025 में इसमें शामिल हो जाएगा।

## राजस्थान एसीबी के डीजी रवि प्रकाश हुए सेवानिवृत्त

### बोले- दखल में हमें ना कहने की आदत होनी चाहिए;एडीजी स्मिता श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** राजस्थान एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर झालाना स्थित एसीबी मुख्यालय में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में एसीबी डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा और उनके परिजनों के साथ ही एसीबी के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। एसीबी डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा को एसीबी मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सेवानिवृत्ति से पहले एसीबी डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपा ।सेवानिवृत्ति समारोह में एसीबी डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने एसीबी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कामकाज की सराहना की। पुलिस परंपरा के अनुसार एसीबी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पारंपरिक अंदाज में रस्सी से कार खींचकर डीजी पद से सेवानिवृत्त हुए रवि प्रकाश मेहरड़ा को विदाई दी ।



### दखल को देखते हुए हमें ना कहने की आदत होनी चाहिए

इस मौके पर एसीबी डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर एसीबी ने टीम वर्क से काम किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की बड़ी कार्रवाइयों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कोटा संभागीय आयुक्त और एक विधायक को भी ट्रैप करना बड़े प्रकरण थे। यही नहीं खुद एसीबी ने अपने ही दो एएसपी के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

## चीन ने रोकी भारत की सप्लाई, चट्टान बनकर सामने खड़ा हो गया जापान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ये तत्व तकनीकी, औद्योगिक और उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें लिथियम भी आता है। लिथियम का इस्तेमाल इन दिनों बैट्री में होता है। हमारे यहां एक चलन इन दिनों बहुत तेजी से बड़ रहा है। हम ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं। चीन भारत को एक झटका देने की तैयारी में बैठा था। ये उम्मीद कर रहा था कि भारत को वो परेशान कर देगा। भारत की बड़ती हुई रफ्तार को वो रोक सकता है, जिनपिंग को इस बात का गुमान हो उठा था। लेकिन भारत ने चीन के इस गुरुर को तोड़कर रख दिया है। भारत के एक फैसले ने चीन के साथ साथ अमेरिका को भी तगड़ा जवाब दिया है। खासतौर से चीन को ये बताया है कि हम तुम्हारे भरोसे नहीं हैं, बल्कि तुम हमारे भरोसे बैठे हुए हो। दरअसल, रेयर अर्थ मिनिरल्स के बारे में तो आपने सुना ही होगा। नहीं सुना तो बेसिक क्लियर कर देते हैं ये 17 तत्वों का एक समूह है, जिनमें लैंथेनाइड्स, स्कैंडियम और येट्रियम शामिल हैं। ये तत्व तकनीकी, औद्योगिक और उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें लिथियम भी आता है। लिथियम का इस्तेमाल इन दिनों बैट्री में होता है। हमारे यहां एक चलन इन दिनों बहुत तेजी से बड़ रहा है। हम ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं। भारत इसका बहुत बड़ा बाजार बनकर उभर रहा है। लेकिन भारत के सामने चुनौती ये है कि इसमें इस्तेमाल होने वाला लिथियम रेयर अर्थ मिनिरल्स में गिना जाता है। वो लिथियम अभी तक चीन से आता था। अचानक चीन ने फैसला लिया और भारत ोक होने वाली लिथियम की सप्लाई रोक दी। चीन को लगा कि भारत को होने वाली लिथियम की सप्लाई अगर रोकी जाएगी तो भारत उसके सामने गुजारिश करने लगेगा। लेकिन भारत ने तुरंत ही उसका एक दूसरा उपाय ढूंढ़ निकाला है। भारत ने एक ऐसी व्यवस्था कर ली और एक ऐसा सप्लाई चेन खड़ा कर दिया जिसने चीन को परेशान कर दिया है।



### फोकस में भारतीय कंपनियाँ

रिपोर्ट बताती है कि अमरा राजा और रिलायंस जैसी भारतीय कंपनियाँ जापानी उद्योगों के साथ चर्चा कर रही हैं। ये बातचीत लिथियम-आयन बैटरी की आपूर्ति श्रृंखला पर केंद्रित है, जो ईवी और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारतीय और जापानी दोनों कंपनियाँ दुर्लभ पृथ्वी क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देना चाहती हैं, जहाँ चीन दुर्लभ पृथ्वी चुम्बकों की वैश्विक आपूर्ति का 90न नियंत्रित करता है। अप्रैल से, चीन ने भारत को दुर्लभ पृथ्वी चुम्बकों की आपूर्ति बंद कर दी है। इसके अतिरिक्त, चीन वैश्विक लिथियम बैटरी उत्पादन में 80न हिस्सेदारी रखता है और जापान दूसरे स्थान पर है, लेकिन केवल 10न हिस्सेदारी के साथ। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, जापानी कंपनियों के साथ इन साझेदारियों से भारतीय फर्मों को सीमित लाभ हो सकता है, क्योंकि खनन, शोधन और प्रसंस्करण जैसे दुर्लभ पृथ्वी तत्वों में मूल्य श्रृंखला के अधिकांश हिस्से पर चीन का नियंत्रण है। वर्तमान में, भारतीय ईवी कंपनियों द्वारा उपयोग की जाने वाली तीन-चौथाई से अधिक बैटरियाँ चीन से आयात की जाती हैं, साथ ही दक्षिण कोरिया और जापान से भी आपूर्ति की जाती है। भारतीय कंपनियाँ इस निर्भरता को कम करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

## राजस्थान में 16 आरएएस बने आईपीएस

### सीएम के संयुक्त सचिव, दीया कुमारी के एसए का प्रमोशन, जल्द आ सकती है ट्रांसफर लिस्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** सीएम भजनलाल शर्मा के संयुक्त सचिव और डिप्टी सीएम दीया कुमारी के एसए सहित राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के 16 अफसरों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में प्रमोट किया गया है।इससे राजस्थान को 16 और आईएएस मिल गए हैं। केंद्रीय कार्मिक प्रशिक्षण विभाग ने 16 आरएएस को आईएएस में प्रमोट करने के आदेश जारी कर दिए हैं।अब डीओपीटी इन अफसरों को कैडर अलॉट करेगा। केंद्र से अधिसूचना जारी होने के बाद कार्मिक विभाग इन अफसरों के नाम आरएएस से हटाकर आईएएस की सिविल लिस्ट में अपडेट करेगा।पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में इन 16 अफसरों के नामों पर मुहर लगी थी। इन सभी 16 अफसरों को 2024 की वैकेंसी में आईएएस के पद पर प्रमोट किया गया है।



### ये 16 अफसर बने आरएएस से आईएएस

नवनीत कुमार, सुखवीर सैनी, हरफूल सिंह यादव, राजेश वर्मा, सुरेश चंद्र, महेंद्र कुमार खींची, अजीत सिंह राजावत, अवधेश सिंह, राकेश शर्मा, जगवीर सिंह, ब्रजेश कुमार चंदौलिया, डॉ हरसहाय मीणा, जुगल किशोर मीणा, राकेश राजोरिया, ललित कुमार और डॉ. शिव प्रसाद सिंह।

## राष्ट्रपति शासन के बाद भी सुलग रहा है मणिपुर

### चुराचांदपुर में अज्ञात बंदूकधारियों ने चार लोगों की गोली मारकर हत्या की



बढ़ता राजस्थान

**इम्फाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 60 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे के आसपास हुआ जब पीडित एक कार में यात्रा कर रहे थे।

**मणिपुर हिंसा**

मणिपुर अंदर ही अंदर सुलग रहा है। जहां एक तरफ अधिकारी दावा कर रहे हैं कि फरवरी में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से मणिपुर में हिंसा में उल्लेखनीय कमी आई है, नागरिकों की मृत्यु और घायल होने की संख्या कम हुई है और नशीले पदार्थों की जब्ती में वृद्धि हुई है। मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स और अर्धसैनिक इकाइयों सहित सुरक्षा बल मई 2023 में हिंसा के दौरान पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए हजारों हथियारों को बरामद करने के लिए भी काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरह एक तस्वीर ऐसी है जहां अभी भी लोग एक दूसरे के खून के प्यासे बने बैठे है। ताजा खबर मणिपुर के चुराचांदपुर से आ रही हैं।मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 60 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे के आसपास हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से लगभग सात किमी दूर है।

चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान अभी नहीं हुई है। मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। किसी भी संगठन ने हमले के लिए अब तक जिम्मेदारी नहीं ली है। इलाके में पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

इसके अलावा इससे पहले मणिपुर के इंफाल पश्चिम और पूर्वी जिलों में सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक उग्रवादी को रविवार को इंफाल पश्चिम जिले के लामडेंग अवांग लेईकाई से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान युमनाम प्रेमकुमार सिंह (31) के रूप में हुई है और वह पंचायत प्रधानों और सदस्यों जैसे निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ ही जिले के निजी और सरकारी स्कूलों से वसूली में शामिल था।

## भारत की वो खतरनाक मिसाइल, जिसकी दस्तक ने उड़ा दी चीन-पाक की नींद

### परमाणु पनडुब्बी से होगा परीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत पिछले कई सालों से अपने मिसाइल प्रोजक्ट पर बहुत तेजी से काम कर रहा है। जहां तक इंटरकांटिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल की बात है तो उसमें कई श्रेणी की मिसाइलें भारत के पास मौजूद हैं। लेकिन के-6 ब्रह्मोस से भी ज्यादा गति और रेंज वाली होगी। लेकिन अब उसके सी-ट्रायल की तैयारी तेज हो गई है। यानी इसे अलग अलग मापदंडों पर तौला जाएगा। चीन और पाकिस्तान से निपटने के लिए भारत भी लगातार अपनी तैयारियां कर रहा है। भारत की तरफ से के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल का परमाणु सबमरीन से परीक्षण की तैयारी हो रही है। भारत के के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल के समुद्री परीक्षण के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। के-6 मिसाइलों को डीआरडीओ ने बनाया है। इसे भारत की एस-5 परमाणु पणडुब्बी पर तैनात करने की योजना है। ये एक इंटरकॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल है। इसकी गति और रेंज ब्रह्मोस से कहीं तेज होगी। भारत पिछले कई सालों से अपने मिसाइल प्रोजक्ट पर बहुत तेजी से काम कर रहा है। जहां तक इंटरकांटिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल की बात है तो उसमें कई श्रेणी की मिसाइलें भारत के पास मौजूद हैं। लेकिन के-6 ब्रह्मोस से भी ज्यादा गति और रेंज वाली होगी। लेकिन अब उसके सी-ट्रायल की तैयारी तेज हो गई है। यानी इसे अलग अलग मापदंडों पर तौला जाएगा।

## चांदी 1200, सोना 300 रुपए हुआ महंगा:चांदी प्रति-किलो की कीमत पहुंची 1.10 लाख, 98,500 पहुंची स्टैंडर्ड सोने की कीमत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उथल – पुथल के बाद भारतीय बाजार में भी लगातार सोने और चांदी की कीमत में बदलाव का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को एक बार फिर सोने और चांदी की कीमत में तेजी आई है। जिसके बाद जहां चांदी प्रति किलो की कीमत 1200 रुपए बढ़कर 1 लाख 10 हजार रुपए के शिखर पर पहुंच गई है। वहीं स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 98 हजार 500 रुपए पर आ गई है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98 हजार 500 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 91 हजार 800 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 76 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरेट 61 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 10 हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

## विकास कार्यों, जनहित योजनाओं की गहन समीक्षा, अधिकारियों को संवेदनशीलता व उत्तम आचरण रखने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलेक्टर कमल राम मीणा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर मीणा ने ई-गवर्नेंस व प्रशासनिक दक्षता पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि समस्त पत्राचार अब 100 प्रतिशत ई-फाइलिंग के माध्यम से ही किया जाए। साथ ही, राजकाज व संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण प्रत्युत्तर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




### विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा

बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की जानकारी दी। वहीं, पीएचईडी व अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अधिकारियों ने पेयजल व विद्युत आपूर्ति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। अमृत कौर हॉस्पिटल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और पब्लिक फैसिलिटी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए।

### नगर परिषद की गतिविधियों की समीक्षा

नगर परिषद आयुक्त श्री दिव्यांश सिंह ने नगर में चल रहे साफ-सफाई अभियान, कचरा निस्तारण, पिंक टॉयलेट परियोजना व सुभाष उद्यान विकास कार्यों की जानकारी दी। भारत उपवन परियोजना की सराहना करते हुए कलेक्टर मीणा ने इसके विस्तृत दस्तावेजीकरण के निर्देश एसीईओ गोपाल लाल मीणा को दिए।

### मोहर्रम की तैयारियों को लेकर निर्देश

आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर कलेक्टर ने साफ-सफाई, विद्युत तारों की सुरक्षा, जल निकासी व यातायात नियंत्रण की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। नगर परिषद व संबंधित अभियंताओं को समन्वय से कार्य करने को कहा गया। जिला रसद अधिकारी को गिव-अप योजना को अधिक प्रभावी बनाने और अधिकाधिक लोगों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक के समापन पर कलेक्टर कमल राम मीणा ने सभी अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और आमजन के प्रति उत्तम आचरण बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, एसीईओ गोपाललाल मीणा सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जलभराव व सीवरेज टैक लीकेज से रास्ता अवरूद्ध होने से वार्ड वासियो ने किया प्रर्दशन

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )** । न्यू ज्योति नगर 31 में सीवरेज के टैंक लीकेज से आम रास्ता जलमग्न होने से दूषित रास्ते से आवागमन अवरुद्ध होने से परेशान लोगों ने.एल एनटीटी के खिलाफ नारेबाजी व प्रर्दशन कर जिला कलैक्टर से शिकायत की है। वार्ड नंबर 31 के हुकुम गुर्जर में अभिषेक बंसल ने प्रर्दशन करते हुऐ बताया कि न्यू ज्योति नगर वार्ड नंबर 31 में रास्ते मे लगे एल एनटी के सीवरेज टैंक जगह,जगह लीकेज होने से दूषित पानी व गंदगी से आम रास्ते मे जलभराव की स्थित बनी हुयी हैं।जिससे कोलोनी के लोगों को आवागमन मे परेशानी से जूझना पड़ रहा है। एल एनटी व नगर परिषद ने दूषित पानी की निकासी नही कराने से बारिश का पानी भरने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया हैं।जिससे महिला व स्कूली बच्चों को दूषित पानी के जलभराव से निकलने की मजबूरी बनी हुयी हैं।चार माह से जलभराव से जूझ रहे लोगों ने क ई बार वार्ड पार्षद व नगर परिषद से शिकायत की।लेकिन लापरवाह एल एनटी के इंजिनियरो के कानों मे जूं तक नहीं रेंगी।अभी तक सीवरेज के लीकेज टैंको को ठीक नही करायी हैं।इसके चलते लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया। दूषित पानी में मलेरिया जाने तक मच्छरों का प्रकोप होने से मौसमी बीमारियां फैलने का भी अंदेशा बढ़ गया है। इसके चलते कई घरों में दूषित वातावरण से बीमार होने हो गये हैं। इन दोनों कॉलोनी के हालात बाद से बात रह गए हैं प्रशासन ने भी ईश्वर ध्यान नहीं दिया है इसको लेकर कॉलोनी के लोगों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही कॉलोनी की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन पर मजबूर होना पड़ेगा। प्रदर्शन करने वाले लक्ष्मी,मोना, मंजू, माया, उषा, मीरा, सीता, श्रेया,शकुंतला,गौरव, संतोष, अभिषेक, मनोज दिनेश,फजलु,पप्पू, बनवारी,विनोद, राहुल, रामफूल आदि मौजूद रहे।

# राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय में मजबूत पैरवी करें, तो खनन हो चालू

### खनन उद्यमियों की राज्य सरकार से अपील, खानें बंद होने से रोजगार घटे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** इण्डियन सोपस्टोन प्रोडड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने राज्य सरकार से अपील की है कि राज्य में बंद खानों को पुनः चालू करवाने के लिये उच्चतम न्यायालय में मजबूत पैरवी करें। खनन उद्यमी अपने स्तर पर तो उच्च्तम न्यायालय में केस लड़ ही रहे है। पिछले 1 साल से खानों के बंद होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर घट गये है। राज्य सरकार को राजस्व की हानि हां रही है। एसोसिएशन ने राज्य सरकार से राजस्थान की अरावली पर्वतमाला में वैध खनन कार्यों को जारी रखने की अपील की है। एसोसिएशन की ओर से आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष गुरप्रीतसिंह सोनी ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा मार्च 2025 में पहले से वैध विस्तार, पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ और कानूनी अनुमतियों के अंतर्गत संचालित हो रहे सभी खनन कार्यों को रोकने का आदेश दिया गया है। इस निर्णय के विरोध में एसोसिएशन ने अपील की। सरकार के इस निर्णय न केवल औद्योगिक विकास पर आघात किया वरन् हजारों श्रमिकों की आजीविका को भी संकट में डाल दिया। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के 40 से अधिक सक्रिय पट्टाधारी, सोपस्टोन, डोलोमाइट, कैल्साइट, चाइना क्ले जैसे औद्योगिक खनिजों के खनन उद्यमी राजस्थान के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में लगभग 5,000 से 10,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। इन खनिज इकाइयों ने प्रदेश के औद्योगिक ढांचे को मज़बूती दी है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि 6 करोड़ रूपयें से अधिक की प्रीमियम राशि जमा करने, पर्यावरणीय स्वीकृति, प्रदूषण नियंत्रण स्वीकृति, तथा खनन योजना स्वीकृत करवाने के बाद भी, इन पट्टाधारकों को बिना किसी वैध आधार के कार्य रोकने के लिए विवश किया गया है। सोनी ने बताया कि जबकि ये सभी पट्टे राजस्थान माईनरमिनरल कन्सेशन रूल्स 2017 के रूल 9 (3ए) के अनुसार 2040 तक वैध रूप से विस्तारित किए जा चुके हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी गत वर्ष 09 मई 2024 को एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ मामले में यह स्पष्ट निर्देश दिया था कि यह आदेश किसी भी स्थिति में वैध परमिट/ लाइसेंस के अनुसार संचालित खनन गतिविधियों को प्रतिबंधित नहीं करेगा (पैरा 14)। इसके बावजूद, राजस्थान सरकार ने पैरा 13 की एकतरफा व्याख्या करते हुए सभी खनन कार्यों पर रोक लगा दी। भले ही वे वैध अनुमति एवं विस्तार आदेशों के अंतर्गत चल रहे हों। 110 सदस्यों वाली करीब 43 वर्ष पुरानी इस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री एवं राज्य के खान मंत्री से अपील की है कि वे इस प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप करें। सरकार को चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक स्पष्ट और मजबूत पक्ष प्रस्तुत करे कि वे खनन पट्टे, जो पहले ही विधिसम्मत रूप से विस्तारित हो चुके हैं और सभी वैध स्वीकृतियाँ प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें निर्बाध रूप से कार्य करने की अनुमति दी जाए। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव केजार अली, उपाध्यक्ष महेश मंत्री सहित उदयपुर, राजसमन्द, डूंगरपुर के खनन उद्यमी मौजूद थे।




# इनरव्हील दीवास ने जीते 23 अवार्ड्स, नयना जैन बनीं बेस्ट प्रेसिडेंट

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** बीकानेर में संपन्न हुई डिस्ट्रिक्ट असेंबली में इनरव्हील क्लब दीवास ने एक बार फिर अपना परचम लहराया। वर्ष पर्यन्त बेहतर सेवा कार्य करने पर क्लब अध्यक्ष नयना जैन को बेस्ट प्रेसीडेन्ट सहित क्लब को 23 अवार्ड प्राप्त हुए। नयना जैन के नेतृत्व में क्लब ने समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और रचनात्मक आयोजनों के नए मानदंड स्थापित किए। समारोह में दीवास क्लब को कुल अलग-अलग कैटेगरीज़ में 23 अवार्ड्स प्राप्त हुए, जो क्लब की सामूहिक मेहनत, रचनात्मकता और सामाजिक योगदान को दर्शाते हैं। क्लब संस्थापक रेखा भाणावत ने इस विशेष अवसर पर सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इनरव्हील क्लब दीवास की यह सफलता सिर्फ पुरस्कारों की नहीं, बल्कि नारीशक्ति के समर्पण और सामाजिक चेतना की जीत है। नयना जैन ने बताया कि रेखा भाणावत का मार्गदर्शन और प्रेरणा विशेष रूप से सराहनीय है। उनका अनुभव,सकारात्मक दृष्टिकोण और संगठन के प्रति समर्पण सदस्यों को निरंतर नई ऊँचाइयों की ओर प्रेरित करता है उनके कुशल नेतृत्व में इनरव्हील क्लब दीवास ने राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है। क्लब की ओर से अध्यक्ष नयना जैन, आशा श्रीमाली, शशि मेहता, आशा नावेडिया, वंदना जैन, बेला व्यास तथा अनीता कोठारी ने बीकानेर असेंबली में भाग लिया।




# आबकारी पुलिस कर्मी भूपसिंह को दी भावभीनी विदाई



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के आबकारी थाना प्रागपुरा में एक्साइज कॉस्टेबल भूपसिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर थाने के जमादार पदम सिंह शेखावत के नेतृत्व में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जमादार पदम सिंह शेखावत समेत अन्य स्टाफ कर्मियों ने भूपसिंह यादव को अंग वस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी। जमादार पदम सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होना सरकारी नौकरी में एक प्रक्रिया है और सभी को अपने सेवाकाल में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने भूपसिंह के सेवाकाल की सराहना की और उनके अनुभवों को भविष्य में भी उपयोगी बताया। सीआई प्रियंका मीणा ने सेवानिवृत्त हुए भूपसिंह को उनके सेवाकाल पूर्ण करने पर बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने भूपसिंह को भविष्य में किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर सहायता का विश्वास दिलाया। एईओं कुलभूषण शर्मा एक वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी हैं, जिन्होंने अपने सेवाकाल में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। वह अपने नेतृत्व कौशल और प्रशासनिक क्षमता के लिए जाने जाते हैं। एईओं कुलभूषण की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को ओर भी शानदार बनाया। इस मौके पर स्टाफ कर्मियों और ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर भूपसिंह का अभिनंदन किया और गाजे-बाजे के साथ उन्हें थाने से विदा किया। एएसआई जगदीश प्रसाद, एएसआई रामनिवास, लक्ष्मण सिंह, पतराम गुर्जर, संजय, महेश, श्रीनिवास, धर्मचंद यादव, हवासिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। सभी ने भूपसिंह के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन पर सेवा कार्यों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़ ने बताया कि विधायक धनकड़ का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। भांकरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पेड़-पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा, गोशाला में गौ माताओं को गुड़ व चारा खिलाकर पुण्य कार्यों का आयोजन किया गया। मुखराम धनकड़ ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन पर मंगलवार को आसपास के क्षेत्र के मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, प्रधान प्रतिनिधि टीकु सैनी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पूर्व सरपंच हेमन्त धनखड़, प्रधानाचार्य शेर सिंह, शिक्षाविद शिम्भू दयाल गढ़वाल और कई अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन पर आयोजित सेवा कार्यों का उद्देश्य समाज के प्रति उनकी सेवा भावना और समर्पण को दर्शाना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विधायक के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने के लिए अपनी सहमति दी। इस दौरान प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, प्रधान प्रतिनिधि टींकू सैनी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पूर्व सरपंच हेमन्त धनखड़, प्रधानाचार्य शेर सिंह, शिक्षाविद शिम्भू दयाल गढ़वाल, मुरारीलाल शर्मा गुरुजी, बिशम्बर दयाल शर्मा गुरुजी, रामजीलाल धानका गुरुजी, बंशी धनखड़ हवलदार, लीलाराम धनखड़, रामेश्वर गढ़वाल, सुरेश कटारिया, कालुराम ककोडिया, सोणाराम धनखड़, लीलाराम सैनी, महेश धनखड़, लोकेश मीणा, अध्यापक, अमीचंद धनखड़, हीरालाल गुर्जर, देशराज, विक्रम बाज्या, पवन यादव, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार जांगिड़, कमलेश किशोर, धर्मराज गुर्जर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण



# पावटा में चोरी की घटना, लाखों का सामान पार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा पुलिस थाना इलाके के पावटा में होटल होली डे फन रिसोर्ट के पास स्थित बैराठी स्टील एण्ड कटर प्रेस व मुस्कान पीकअप बॉडी बैल्डिंग दुकान में रविवार की रात चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित रहिस खान ने बताया कि उनकी फैक्टरी में चोरों ने धावा बोलकर लाखों का सामान पार कर दिया। इन अज्ञात चोरों ने मोहम्मद रहिस पुत्र अब्दुल रज्जाक की बैराठी स्टील एण्ड कटर प्रेस से 4 बैल्डिंग मशीन छोटी, 8 कॉपर लीड़, 5 इंच का दो गैलेण्डर, 4 इंच के दो गैलेण्डर, 2 हैम्बर मशीन, 4 कट्टा गजन पीन, 3 छोटी सैल्फस्करू मशीन, 2 छोटी ड्रील मशीन, कैमरे की हार्डिक्स समेत लोहे का छोटा मोटा सामान और पड़ोसी नवाब खान खेलना की मुस्कान पीकअप बॉडी बैल्डिंग की दुकान में 2 बैल्डिंग मशीन, 1 गैलेण्डर, 2 हैम्बर मशीन, 4 बैल्डिंग लीड़, 1 गैलेण्डर चार इंच और लोहे का छोटा मोटा करीब डेढ़ से दो लाख का सामन ले गये। इस सम्बन्ध में प्रागपुरा थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। भांकरी सरपंच मेहर सिंह धनकड़ व सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने पुलिस थाने में चोरी के घटनाक्रम का जल्द खुलासा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करना चाहिए। पीड़ित रहिस खान ने बताया कि वह अपनी फैक्टरी को रोजाना की तरह बंद कर घर चले गए थे। जब सुबह फैक्टरी खोली तो देखा कि सामान बिखरा हुआ था और कई सामान गायब थे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया और मामला दर्ज कराया। एचएम विनोद यादव का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

# डॉ खलील अगवानी सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रमा मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट और उदयपुर तालीम तरबियत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में समाज की संपूर्ण खिदमत करने पर लाइफ प्रोग्रेसिव सोसायटी के संस्थापक डॉ.खलील अगवानी को सम्मानित किया गया। डॉ अगवानी ने बताया समाज को शिक्षित होना जरूरी है लाइफ प्रोग्रेसिव सोसायटी उदयपुर और सहार चेरिटेबल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में छात्र छात्राओं को तालीम के लिए फीस में पूरी मदद कर रही हैं। सोसायटी के अन्य कार्यक्रम साल के अंतिम माह में शुरू किये जाऐंगे। डॉ.खलील अगवानी ने बताया कि वर्षा होने से और कानूनी कार्रवाई से जिन वधुओं को शादी सम्मेलन के प्लॉट देने है अब ये प्लॉट साल के अंतिम माह में दिये जायेंगे।

# अमित बंसल बने अग्रवाल समाज ब्यावर के नए अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** श्री अग्रवाल समाज, ब्यावर की साधारण सभा का आयोजन फतेहपुरिया बगीची में संपन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता समाज मंत्री श्रवण बंसल ने की, जिन्होंने पूर्व साधारण सभा की समपुष्टि सर्वसम्मति से प्रस्तुत की। इसके पश्चात् वर्ष 2025-2027 के लिए समाज की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी एडवोकेट अतुल बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अमित बंसल और सतीश गर्ग के नाम प्रस्तावित हुए। सर्वसम्मति से चयन न हो पाने के कारण मतदान कराया गया, जिसमें कुल 356 मत डाले गए। इनमें से अमित बंसल को 220 मत, सतीश गर्ग को 133 मत प्राप्त हुए, जबकि 3 मत खारिज कर दिए गए। अमित बंसल ने 87 मतों से विजयी होकर अध्यक्ष पद हासिल किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष अमित बंसल ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए श्रवण बंसल को उपाध्यक्ष, निखिल जिंदल को मंत्री, राजेंद्र एन अग्रवाल को सह मंत्री, मुकेश गर्ग को कोषाध्यक्ष, चंद्रेश चिंटू गर्ग को प्रचार मंत्री, अशोक गोयल को भवन संयोजक तथा श्याम सुंदर अग्रवाल को सह भवन संयोजक नियुक्त किया।





# ब्यावर शहर के मध्य से गिब्सन हॉस्टल कचरा डिपो हटाने की माँग तेज़, नागरिकों में आक्रोश

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर शहर के हृदय स्थल माने जाने वाले गिब्सन हॉस्टल क्षेत्र स्थित कचरा डिपो को लेकर नागरिकों में गहरा आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद से इस कचरा डिपो को तत्काल प्रभाव से हटाने की पुरज़ोर माँग की है। नागरिकों का कहना है कि यह डिपो मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित है, जिससे यहाँ से गुजरने वाले लोगों को दुर्गंध और बीमारियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गिब्सन हॉस्टल क्षेत्र पूरी तरह आवासीय है, जहाँ बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे निवास करते हैं।

## राजकुमार वर्मा बने राजस्थान विश्वविद्यालय के इकाई उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एनएसयूआई ने राजस्थान विश्वविद्यालय के इकाई उपाध्यक्ष के रूप में राजकुमार वर्मा को नामित किया है।



राजकुमार वर्मा का संबंध विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय (केंद्र-2) जयपुर से है।

**राजकुमार वर्मा की शैक्षिक पृष्ठभूमि**

राजकुमार वर्मा 2018 में सांभर कॉलेज के छात्र संघ उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनके पास छात्र राजनीति का अच्छा अनुभव है।

**उपाध्यक्ष बनने के बाद प्रतिक्रिया**

राजकुमार वर्मा के उपाध्यक्ष बनने के बाद छात्रों और गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई संदेश दिए। सभी ने उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विकास के लिए काम करने की उम्मीद जताई है।

**एनएसयूआई की उम्मीदें**

एनएसयूआई को उम्मीद है कि राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में छात्रों के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा और उनके हितों की रक्षा की जाएगी।

## सांभर थाना परिसर में पौधारोपण किया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** समीपवर्ती सांभरलेक थाना परिसर में सोमवार को सांय 7 बजे थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन,खाने के लिए फल और गर्मी में छाव देते हैं। धरा को हरा भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। इस दौरान काफी लोग मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल से मिला जरूरतमंद को संबल

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े से गांव-ढाणी में कार्यों को मिली नई गति, वंचित को वरीयता देकर अन्त्योदय की परिकल्पना धरातल पर हो रही साकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महिला, युवा, मजदूर और किसान के कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। इसी प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए श्री शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े (24 जून से 9 जुलाई) की पहल की है जिसके माध्यम से गांव-ढाणी में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लंबित कार्यों के निष्पादन के साथ ही उनके लिए लोककल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। इस पखवाड़े के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प की सिद्धि का मार्ग तेजी से प्रशस्त हो रहा है।

श्री शर्मा ने जयपुर जिले की दूदू तहसील स्थित बिचून ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस पखवाड़े का नामकरण महान विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर किया गया जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। प्रदेश के हर गांव और हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना इस पखवाड़े का मूलमंत्र है। यह पखवाड़ा विकास के उजियारे को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है और अब तक (29 जून) के आंकड़े इसकी सफलता की कहानी को दर्शाते हैं।

**सहमति विभाजन के 8 हजार 531, रास्तों के 9 हजार 96 प्रकरण निस्तारित—**

ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख समस्या राजस्व से संबंधित रहती हैं। इन समस्याओं के निष्पादन से किसान, मजदूर और जरूरतमंद व्यक्ति को व्यापक स्तर पर राहत



पहुंचायी जा सकती है। इसके दृष्टिगत पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविरों में राजस्व संबंधी प्रमुख प्रकरणों के निष्पादन का कार्य तत्परता से किया जा रहा है। अब तक की प्रगति के अनुसार पखवाड़े में सीमाज्ञान के 18 हजार 15, नामांतरण के 43 हजार 120, सहमति विभाजन के 8 हजार 531 और रास्तों के 9 हजार 96 प्रकरणों को निस्तारण करते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया गया है। वहीं, इसके अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग ने विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ने के कुल 53 हजार 202 आवेदन प्राप्त किए गए हैं और पंचायती राज विभाग ने 52 हजार 183 स्वामित्व पट्टों का वितरण किया है।

**सुगम जलापूर्ति हो रही सुनिश्चित, 15 हजार से अधिक नल कनेक्शन जारी—**

प्रदेश के सभी अंचलों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। इसी क्रम में पखवाड़े के अंतर्गत विद्युत सुदृढ़ीकरण सहित मरम्मत कार्यों को गति दी जा रही है। अब तक 13 हजार 684 झूलते तारों को खिचवाने और 10 हजार 195 विद्युत पोल सही करने का कार्य किया गया है। इस अवधि में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 15 हजार 722 लंबित नल कनेक्शन जारी किए गए हैं जिससे उपभोक्ता को सुगम जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। वहीं, 5 हजार 356 पानी की टंकियों की सफाई और 11 हजार 668 लीकेज की मरम्मत भी की गई है।

मुख्यमंत्री शर्मा के मार्गदर्शन में 9 जुलाई तक संचालित हो रहे इस पखवाड़े के माध्यम से विकास की रोशनी को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का संकल्प पूरा हो रहा है। पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर अंतिम व्यक्ति के सशक्तीकरण का प्रतीक बन रहे हैं। गरीब और वंचित वर्ग के वर्षों से अटके कार्यों को पूरा करना, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना, और उनके जीवन में स्थायी बदलाव लाने के व्यापक कार्य सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से छूट न जाए।

### डॉक्टर्स डे स्पेशल

# सफेद कोट के पीछेः अस्पताल के बाहर एक डॉक्टर की ज़िंदगी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। डॉक्टरों को अक्सर लोग ऐसा मानते हैं कि वे थकते ही नहीं, क्योंकि वे लंबे समय तक काम करते हैं, इमरजेंसी संभालते हैं और मरीजों की भावनाओं का भी ख्याल रखते हैं। लेकिन हर सफेद कोट और स्टेथोस्कोप के पीछे एक इंसान होता है, जो हमेशा अपने पेशेवर और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश करता है। डॉ. हिमानी शर्मा, सीनियर कंसलटेंट एंड क्लीनिकल हेड- ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी और डॉ. प्रिया गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, कोकून हॉस्पिटल, जयपुर ने बताया कि डॉक्टर की तंदुरुस्ती

दुनियाभर में कई डॉक्टरों के लिए उनके पसंदीदा शौक एक ज़रूरी राहत का जरिया होते हैं और ये उन्हें उनके पेशे से परे उनकी अपनी पहचान का एहसास भी कराते हैं। शौक डॉक्टरों को ज़मीन से जुड़े रहने में मदद करते हैं और अस्पताल में व्यस्त दिन बिताने के बाद उन्हें सुकून भी देते हैं। ये शौक चाहे कला हो, संगीत, पढ़ाई या खेल - ये सभी छोटी-छोटी खुशियाँ डॉक्टरों को मानसिक तनाव से उबरने में मदद करती हैं और उन्हें हर दिन पूरी ऊर्जा के साथ अपना काम करने की ताकत देती हैं, तभी उनमें तंदुरुस्ती भी बनी रहती है।

### परिवार- ताकत का स्रोत

आजकल डॉक्टरी पेशा बहुत डिमांडिंग



है और रातों व वीकेंड तक चलता है। इसके बावजूद परिवार ही डॉक्टरों की सबसे बड़ी ताकत है। चाहे काम कितना भी भारी हो, दिन के आखिर में अपनों के साथ समय बिताने या बच्चों के साथ खाना खाने से उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यही छोटे-छोटे पल डॉक्टरों को भावनात्मक ऊर्जा देते हैं और याद दिलाते हैं कि मरीज़ों



की सेवा के साथ जीवन में और भी मकसद हैं।

### जो सलाह देते हैं, वही अपनाते हैं

डॉक्टर अक्सर मरीज़ों को स्वस्थ खानपान, सक्रिय जीवनशैली और पर्याप्त आराम की सलाह देते हैं - और ज्यादातर डॉक्टर खुद भी यही अपनाते हैं। नियमित योग व व्यायाम से वे खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखते हैं, ताकि उनकी प्रोफेशनल चुनौतियों का सामना कर सकें।

### वीकेंड से जरूरी काम को प्राथमिकता

कई बार कॉल ड्यूटी या इमरजेंसी डॉक्टरों के वीकेंड के प्लान को बिगाड़ देती है, लेकिन वे अपने शौक, खेल, नए एक्टिविटीज़ व परिवार के साथ वक्त बिताने की कोशिश करते हैं। परिवार के साथ समय बिताना मानसिक मजबूती के लिए भी जरूरी है।

### संतुलन बनाना

एक बेहतरीन डॉक्टर बनने के लिए जरूरी है कि वे मरीज़ों की एमरजेंसी, ओपीडी, सर्जरी के साथ परिवार की जिम्मेदारियां भी अच्छे से निभाएं। यह काम आसान नहीं लेकिन पेशेवर सफलता और निजी सुख-शांति के लिए जरूरी है।

इस डॉक्टर डे पर हमें डॉक्टरों की मेडिकल योग्यता, समर्पण और हुनर की तारीफ के साथ उनकी इंसानियत और संघर्ष को भी पहचानना चाहिए। क्योंकि हर सफेद कोट के पीछे एक इंसान होता है, जो अस्पताल की दीवारों से बाहर भी अपने जीवन से जुड़े रहना चाहता है, क्योंकि दूसरों का इलाज करने से पहले उसे अपने मन, मस्तिष्क और शरीर की देखभाल करनी चाहिए।

## हज से लौटे कांग्रेस नेता महबूब अली का स्वागत, शहर जिला अध्यक्ष तिवाड़ी ने घर जाकर पहनाई माला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हज के मुकद्दस सफर से लौटे कांग्रेस नेता हाजी महबूब अली जड़ावता का जयपुर में जोरदार स्वागत हुआ। जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी महबूब अली के निवास पर रविवार को कांग्रेसजनों का तांता लगा रहा। इस दौरान जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी स्वयं उनके घर पहुंचे और उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। तिवाड़ी ने हाजी महबूब अली को हज की मुबारकबाद दी और इस मुकद्दस यात्रा की कुबूलियत की दुआ की। मौके पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। हाजी महबूब अली ने सभी का आभार जताया और कहा कि वे समाज और संगठन के लिए पहले की तरह सक्रिय रहेंगे।




## कार्यालय मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, उपजिला चिकित्सालय, देवली (टोंक)

क्रमांकः-निविदा/स्टोर/2025-26/107 दिनांकः-24-0602025

वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के लिए उप जिला चिकित्सालय, देवली के लिए एक्स रे फिल्म एवं रिजेण्ट स्पलाई कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से खुली प्रतियोगी बोली से निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| सेवा/कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु) | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रू.) | बोली प्रतिभूति बोली | निविदा विक्रय करने की की अन्तिम दिनांक व समय | निविदा जमा करना की अंतिम दिनांक व समय | निविदा (तकनीकी) खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एक्स रे फिल्म एवं रिजेण्ट सप्लाई कार्य | 800000 | 500 | 16000 | 02.07.2025 प्रातः11 बजे | 02.07.2025 दोपहर 12 बजे | 02.07.2025 दोपहर 12.30 बजे |

1. विस्तृत निविदा सूचना मय बोली दस्तावेज एमआरएस स्टोरकीपर से दिनांक 24.6.2025 से प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं व राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल पर भी देखा जा सकता है।
2. निविदायें, तकनीकी निविदा प्रपत्र तथा वित्तीय बोली प्रपत्र अलग-अलग लिफाफे में बन्द कर दोनों लिफाफों पर नामांकन (निविदा प्रपत्र या वित्तीय निविदा प्रपत्र) कर एक बडे लिफाफे में बन्द कर प्रस्तुत की जायेगी।
3. तकनीकी/क्वालिफाईड बिड दिनांक 2.7.2025 को दोपहर 12.00 बजे इस कार्यालय में उपस्थित बोलीदाता/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली में सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली उसी दिन खोली जायेगी।
4. किसी भी निविदा/बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त कतरने की उपापन समिति का सर्वादिखार सुरक्षित है। ऐसा करने के कारण लेखबद्ध किये जाएंगे।

**चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**
**उप जिला.चिकित्सालय, देवली**


## समर्पण संस्था का 11वाँ शिक्षा दान महोत्सव 6 जुलाई को



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** गत 15 वर्षों से ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा आगामी 6 जुलाई को 11 वाँ शिक्षा दान महोत्सव का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक प्रताप नगर सेक्टर 17 स्थित रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला ऑडिटोरियम में किया जाएगा । शिक्षा दान महोत्सव में संस्था द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 में चयनित 146 जरूरतमंद समर्पण आदर्श विद्यार्थियों को शिक्षा सहयोग के तहत फ़ीस के चेक व शिक्षण सामग्री भेंट की जायेगी तथा संस्था द्वारा नियुक्त 68 एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर्स/ एज्युकेशनल एम्बेसेडर्स / एज्युकेशनल एसोशिएट्स को सम्मानित किया जायेगा । महोत्सव में राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री माननीय श्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि होंगे और अध्यक्षता राजस्थान के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा करेंगे । अतिविशिष्ट अतिथि आईएएस डॉ. नीरज के. पवन ( शासन सचिव , युवा मामले और खेल विभाग, राजस्थान सरकार व अध्यक्ष, राजस्थान राज्य खेल परिषद ) व आईएएस डॉ. ओम प्रकाश बैरवा ( आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान ) होंगे । विशेष आमंत्रित अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. बी. एल. जाटावत (पूर्व चेयरमैन ,राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ) व वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत्त कर्नल एस एस शेखावत होंगे ।

## भरतपुर चंबल प्रोजेक्ट हादसे पर जमात-ए-इस्लामी हिंद ने जताया गहरा शोक, मुआवज़े और बेहतर इलाज की मांग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भरतपुर चंबल प्रोजेक्ट में मिट्टी ढहने से चार लोगों की दर्दनाक मौत और कई अन्य के घायल होने की घटना पर जमात-ए-इस्लामी हिंद, राजस्थान ने गहरा शोक जताया है। प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नाज़िमुद्दीन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हादसे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, भरतपुर चंबल प्रोजेक्ट हादसे की खबर बेहद पीड़ादायक है। इस दर्दनाक घटना में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, हम उनके दुख में बराबर के भागीदार हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह उन्हें इस अपार पीड़ा को सहने की शक्ति दे। साथ ही हम घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। नाज़िमुद्दीन ने राज्य सरकार से अपील की कि मृतकों के परिजनों को तत्काल उचित मुआवज़ा प्रदान किया जाए और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने प्रशासन से यह भी मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतज़ामों पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में आमजन को मिल रही राहत

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे शिविरों की मॉनिटरिंग, अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने फतेहपुरा में लिया शिविर का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल के तहत राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जयपुर जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।जयपुर जिले में शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला कलक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी जयपुर जिले में आयोजित किये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों का निरीक्षण कर आमजन तक राहत पहुंचाया जाना सुनिश्चित कर रहे हैं।इसी कड़ी में अतिरिक्ति जिला कलक्टर जयपुर प्रथम विनीता सिंह ने कालवाड़ा तहसील के फतेहपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित आमजन से संवाद किया एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने शिविर स्थल पर ही लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरित किये एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।इस अवसर पर झोटवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान रामनारायण झाझड़ा, सरपंच श्रीमती राजू देवी, उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम राजेश जाखड़, तहसीलदार जयपाल सिंह शेखावत, खण्ड विकास अधिकारी श्री हरि सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपपस्थित रहे।




राजस्थान सरकार

## कार्यालय उपनिदेशक उद्यान, अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, देवड़ावास, टोंक, (राजस्थान)-304802

Email:-DDHCOE.TONK.HORT@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक : सीओई/निविदा/2025-26/309 दिनांक:23.06.2025

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्यालय उप निदेशक उद्यान, अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, देवड़ावास, टोंक की ओर से जारी निविदाएं जल संग्रहण ढांचा निर्माण (फार्म पोंड) प्लास्टिक लाईनिंग सहित एवं स्वचालित मौसम केन्द्र उपकरण खरीद स्थापना सहित एवं जेसीबी/ट्रेक्टर से कराये जाने वाले कार्य हेतु विनिर्दिष्ट सार्वजनिक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग/जल ग्रहण विभाग एवं अन्य विभागों में पंजीत निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं/संवेदकों से आमंत्रित की गई है उक्त सेवाएं प्रदाताओं से प्राप्त निविदाएं की कार्यवाही सम्पादन दिनांकछ 02.07.2025 को दोपहर 1.30 बजे पश्चात किया जाना है। निविदा SPPP/E-Proce पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

| क्र. की सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा दस्तावेज विक्रय करने की दिनांक एंव समय | निविदा दस्तावेज प्रस्तुत अन्तिम दिनाक एवं तथा निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जल संग्रहण ढांचा निर्माण (फार्म पोंड) प्लास्टिक लाईनिंग सहित NIB: HOR2526A0067 UBN: HOR2526WSOB00070 | 7.00 लाख | दिनांक 23.06. 2025 से 01.07 2025 सांय 6.00 बजे तक | दिनांक 02.07.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक तथा दिनांक 02.07.2025 को दोपहर 1.30 बजे बाद |
| 2 | स्वचाहित मौसम केन्द्र उपकरण खरीद स्थापना सहित NIB: HOR2526A0064 UBN: HOR2526GSOB00068 | 4.50 लाख | | |
| 3 | जेसीबी/ट्रैक्टर से कराये जाने वाला कार्य हेतु NIB: HOR2526A0066 UBN: HOR2526GSOB00069 | 1.60 लाख | | |

**उप निदेशक उद्यान**
**सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस**
**देवड़ावास, टोंक।**

## सम्पादकीय

# भारत की आर्थिक प्रगति में अब तो ईश्वर भी सहयोग कर रहा है

वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है।

कुछ दिनों पूर्व भारत में दो विशेष घटनाएं हुईं, परंतु देश के मीडिया में उनका पर्याप्त वर्णन होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा। यदि भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है। अतः कच्चे तेल के साथ साथ डीजल एवं पेट्रोल का भी भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश बन सकता है। जैसा कि दावा किया जा रहा है, यदि यह दावा सच्चाई के धरातल पर खरा उतरता है तो आगे आने वाले समय में भारत का विश्व में पुनः सोने की चिड़िया बनना लगभग तय है। भारत आज पूरे विश्व में कच्चे तेल का चीन एवं अमेरिका के बाद सबसे बड़ा आयातक देश है और विदेशी व्यापार के अंतर्गत भी कच्चे तेल के आयात पर ही सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। कच्चे तेल का उत्पादन यदि भारत में ही होने लगता है तो न केवल इसके आयात पर होने वाले भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के खर्च को बचाया जा सकेगा बल्कि पेट्रोल एवं डीजल के निर्यात से विदेशी मुद्रा का भारी मात्रा में अर्जन भी किया जा सकेगा। जिसके कारण, भारत में विदेशी मुद्रा के भंडार में अतुलनीय बचत एवं संचय होता हुआ दिखाई देगा और इस प्रकार भारत विश्व में विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा संचयक देश बन सकता है।

वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। वर्तमान में भारत द्वारा कच्चे तेल एवं गैस के आयात पर 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि खर्च प्रतिवर्ष किया जा रहा है।


भारत सरकार के पेट्रोलीयम मंत्री श्री हरदीपसिंह जी पुरी ने जानकारी प्रदान की है कि अंडमान एवं निकोबार के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस का बहुत बड़ा भंडार मिला है। एक अनुमान के अनुसार यह भंडार 12 अरब बैरल (2 लाख करोड़ लीटर) का हो सकता है जो हाल ही में गुयाना में मिले कच्चे तेल के भंडार जितना ही बड़ा है। गुयाना में 11.6 अरब बैरल कच्चे तेल एवं गैस के भंडार पाए गए है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 1 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1949 – जब स?वतंत्र भारत में छोटी रियासतों का विलय हुआ तब त्रावनकोर तथा कोचीन रियासतों को मिलाकर 1 जुलाई, 1949 को त्रावनकोर-कोचीन राज्य बना दिया गया, किंतु मालाबार मद्रास प्रांत के अधीन रहा।
- 1852 – 1 जुलाई, 1852 को सिन्ध के मुख्य आयुक्त सर बर्टलेफ्रोरे द्वारा सिर्फ़ सिंध राज्य में और मुंबई कराची मार्ग पर प्रयोग के लिए सिंध डाक (स्प्द्बठ्ठस्रद्द ष्ठड्ड2द्म)% नामक डाक टिकट जारी किया गया।
- 1965 – 1 जुलाई को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम लागू हुआ और विवाद को एक अंतर्राष्टीय न्यायाधिकरण के समक्ष मध्यस्थता के लिए प्रस्तुत किया गया। इस न्यायाधिकरण के फैसले में 1968 में प्रकाशित, 9/10 हिस्सा भारत को और शेष 1/10 हिस्से का अधिकार पाकिस्तान को दिया गया।
- 1960 – घाना अफ्रीका का एक प्रजातंत्र राज्य है, जिसे 1 जुलाई को गणराज्य घोषित किया गया था।
- 1990 – पूर्वी एवं पश्चिमी जर्मनी के बीच सीमा रेखा की समाप्ति एवं पश्चिमी जर्मनी की मुद्रा को पूर्वी जर्मनी में मान्यता।
- 1990 – पूर्वी एवं पश्चिमी जर्मनी के बीच सीमा रेखा की समाप्ति एवं पश्चिमी जर्मनी की मुद्रा को पूर्वी जर्मनी में मान्यता।
- 1991 – बारसा संधि भंग की गयी।
- 1994 – रोमान हर्जोग द्वारा जर्मनी के नये राष्टपति के रूप में शपथ ग्रहण, विश्व कप फुटबाल में आत्मघाती गोल करने वाले कोलंबियाई खिलाड़ी आंद्रेस एस्कोबार की अपने देश में हत्या।
- 1995 – सं.रा. अमेरिका ने ताईवान के ख़िलाफ़ लगाये गये प्रतिबंध को हटाया।
- 1996 – आस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत में स्वेच्छा मृत्यु क़ानून विश्व में पहली बार लागू।
- 1997 – ब्रिटिश उपनिवेश हांगकांग चीन को सुपुर्द।
- 2000 – लार्ड्स के 100वें ऐतिहासिक टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया।
- 2003 – समुद्र में सबसे गहराई तक जाकर विश्व कीर्तिमान बनाने वाली जापानी पनडुब्बी प्रशांत महासागर में लापता।
- 2004 – आसियान ने अंतर्राष्टीय आतंकवाद से निपटने हेतु आस्ट्रेलिया से समझौता किया।
- 2006 – अमेरिकी संसद की समितियों ने भारत-अमेरिकी परमाणु समझौते को मंजूरी प्रदान की। एशियाई युवा शतरंज चैम्पियनशिप में भारत ने 8 स्वर्ण जीते। चीन में बर्ड फ़्लू के विषाणु की पुष्टि। ईराक में अलकायदा के वांछित नेता अबू अमूब अल मसरी पर अमेरिका ने 50 लाख डालर का इनाम रखा। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री 68 वर्षीय रियूतारो हाशीमातो का निधन।
- 2006 – 1 जुलाई, को परिमार्जन आज तक के सबसे कम उम्र के दूसरे ग्रैंडमास्टर बने।
- 2007 – दलाईलामा के मुद्दे पर चीन के अधिकारियों के साथ तिब्बत के दूतों की वार्ता प्रारम्भ।
- 2008 – गाजापट्टी के फलस्तीनी विद्रोहियों ने दक्षिणी इस्त्रायल पर रॉकेट दागा।
- 2017– भारत में अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किया गया।

## विशेष आलेख



ललित गर्ग

### राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस- 1 जुलाई, 2025

# रोगी के लिये स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स

**वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है।**

स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं।

2025 की थीम है 'मास्क के पीछे: देखभाल करने वालों की देखभाल' उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो।

वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्ज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता।

हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं।

# मानसून में भूस्खलन और बाढ़ से ऐसे बचें



सुनील कुमार महता

**हिमाचल प्रदेश के मंडी में अनेक घर खतरे की जद में आ गए हैं तो वहीं भूस्खलन भी हुआ है। हिमाचल प्रदेश में पशुशालाएं भी ध्वस्त हुईं बता रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की समस्या पैदा हो गई है तथा भूस्खलन के कारण अनेक रास्ते बंद हो चुके हैं। उत्तराखंड में बारिश के कारण 24 घंटे के लिए चारधाम यात्रा रोकी गई है। ऐसे में जो यात्री ऋषिकेश पहुंच चुके उन्हें वहीं रोका जा रहा है।आगे की यात्रा को निकले यात्रियों को भी सुरक्षित स्थानों पर रोका जा रहा है।**

जुलाई बारिश का महीना है और इन दिनों देश में जगह-जगह खूब मानसून बरस रहा है। बारिश से इन दिनों विशेषकर पहाड़ी राज्यों में (उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश) में तबाही का आलम है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 1 और 2 जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है, जिसमें मौसम विभाग ने आगाह किया है कि संवेदनशील या निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जलभराव और भूस्खलन का खतरा है। पहाड़ों पर बादलों ने तबाही मचा रखी है तो मैदानों में भी हाल बुरा है।केरल और झारखंड में भी बारिश ने कहर बरपाया है और इससे आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में अनेक घर खतरे की जद में आ गए हैं तो वहीं भूस्खलन भी हुआ है। हिमाचल प्रदेश में पशुशालाएं भी ध्वस्त हुईं बता रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की समस्या पैदा हो गई है तथा भूस्खलन के कारण अनेक रास्ते बंद हो चुके हैं। उत्तराखंड में बारिश के कारण 24 घंटे के लिए चारधाम यात्रा रोकी गई है। ऐसे में जो यात्री ऋषिकेश पहुंच चुके उन्हें वहीं रोका जा रहा है।आगे की यात्रा को निकले यात्रियों को भी सुरक्षित स्थानों पर रोका जा रहा है। वहीं उत्तरकाशी में बड़कोट-यमुनोत्री मार्ग पर बादल फट गया तथा बलिगढ़ में निर्माणाधीन होटल साइट पर काम कर रहे 9 मजदूर लापता हो गए हैं। पुलिस के साथ एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ की टीमें मौके पर सर्च ऑपरेशन कर रही हैं।बादल फटने के चलते यमुनोत्री मार्ग भी प्रभावित हुआ है, तथा मौसम विभाग की ओर से ऋषिकेश, रुड़की, रानीखेत, देहरादून, उत्तरकाशी सहित कई जिलों में अगले 5 दिन के लिए भारी बारिश का अलर्ट है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि यमुनोत्री रूट पर बादल फटने से 2 मजदूरों की मौत हो गई।मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली के पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी इलाकों में बारिश दर्ज की गई।अगले 7 दिनों के दौरान गोवा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।वहीं उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। जुलाई के दौरान पंजाब, हरियाणा में बारिश का अलर्ट है। वहीं 3 और 4 जुलाई को पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश में भी बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इतना ही नहीं, विदर्भ, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, बिहार, मध्य प्रदेश में बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। इधर हाल ही में जमशेदपुर जिले के कोवली थाना क्षेत्र स्थित लव कुश आवासीय विद्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लगातार हो रही भारी बारिश के कारण विद्यालय परिसर जलमग्न हो गया और स्कूल के अंदर मौजूद 162 बच्चे पानी में फंस गए। जैसे ही प्रशासन को इस स्थिति की जानकारी मिली, जमशेदपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



श्री उमेश चन्द्र दत्ता
(वरिष्ठ आईपीएस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ व शानदार अधिकारी श्री उमेश चन्द्र दत्ता। दत्ता साब का जन्म 20 मार्च सन 1973 को चण्डीगढ़ में हुआ। एमए (भूगोल) बीए(भूगोल) इतिहास (राजनीति विज्ञान) से कर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बने। आज महानिरीक्षक, विशेष सुरक्षा दल, कैबिनेट सचिवालय, भारत सरकार जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेन्ज, जयपुर रहे।

महानिरीक्षक पुलिस, इन्टेलिजेन्स.एए राजस्थान, जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, आरएसी राजस्थान, जयपुर। उप महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, भारत सरकार नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, डीएसपीई केन्द्रिय अन्वेषण ब्यूरो, ईओ. नई दिल्ली। कमाण्डेन्ट, 8वी बटालियन, आरएसी नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, अलवर। पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा। पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर। पुलिस अधीक्षक, नागौर। पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर। पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री.सतर्कता एवं सुरक्षा, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अजमेर। सहायक पुलिस अधीक्षक, ब्यावर (अजमेर)रहे। उमेश चन्द्र दत्ता जहां भी रहे वहां पूरी शिद्दत के साथ अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास के पुलिस स्लोगन को मजबूती प्रदान कर पुलिस के हौसलें को बढ़ाया। अलवर एसपी शिप के दौरान हाईवे पर लूट की वारदातों पर शिकंजा कसते हुए उन्होंने शातिर बदमाशों को उनके सही ठिकाने पहुँचाया। शानदार पुलिस अधिकारी के रूप में लोग उन्हे जानते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रुपक शर्मा

## संस्मरण — बढ़ता राजस्थान

# दादाभाई नौरोजी ब्रिटिश संसद में बने थे भारतीयों की आवाज

बता दें कि 04 सितंबर 1825 को नवसारी में दादाभाई नौरोजी का जन्म हुआ था। उन्होंने एलफिंस्टन इंस्टीट्यूट स्कूल में अपनी शुरूआती पढ़ाई की थी। जहां पर उनको बड़ोदरा के महाराजा का संरक्षण मिला और वह दीवान के रूप में कार्य करने लगे।आज ही के दिन यानी की 30 जून को दादाभाई नौरोजी का निधन हो गया था। वह एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता, विद्वान और लेखक थे। उन्होंने अंग्रेजों के भ्रष्टाचार को पूरी दुनिया के सामने लाकर देश के लोगों जागरुक करने का काम किया था। इस कारण दादाभाई नौरोजी को %ग्रांड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया% भी कहा जाता है। उनका भारत के लिए योगदान अतुलनीय था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर दादाभाई नौरोजी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

बता दें कि 04 सितंबर 1825 को नवसारी में दादाभाई नौरोजी का जन्म हुआ था। उन्होंने एलफिंस्टन इंस्टीट्यूट स्कूल में अपनी शुरूआती पढ़ाई की थी। जहां पर उनको बड़ोदरा के महाराजा का संरक्षण मिला और वह दीवान के रूप में कार्य करने लगे। उन्होंने रहनुमाई माजदासन सभा की स्थापना की। दादाभाई नौरोजी ने गुजराती पाक्षिक रस्त गुफ्तार का संपादन करते हुए पारसी समाज सुधार की पैरोकारी की थी। फिर उन्होंने द वॉइस ऑफ इंडिया समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया।

दादाभाई नौरोजी ने लंदन में कामा एंड कंपनी में सफलतापूर्वक काम किया और फिर खुद का कपास का व्यापार शुरू किया। कई व्यवसायों को संभालते हुए वह यूनिवर्सिटी कॉलेज में 10 साल तक गुजारती के प्रोफेसर भी रहे। दादाभाई नौरोजी से जुड़ने वालों की संख्या काफी तेजी से बढ़ती रही।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

### वृष
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मिथुन
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

### कर्क
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

### सिंह
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

### कन्या
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। इसका खास ध्यान रखें।

### तुला
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### वृश्चिक
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### धनु
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

### मकर
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

### कुंभ
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

### मीन
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

### जिला परिषद सवाई माधोपुर की साधारण सभा बैठक संपन्न

# आमजन के मुद्दे प्रभावी ढंग से उठाएं : सांसद हरीश मीणा

### जनहित और विकास पर केंद्रित रहे प्रमुख मुद्दे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला परिषद सवाई माधोपुर की साधारण सभा की बैठक सोमवार को जिला प्रमुख सुदामा मीना की अध्यक्षता एवं टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश चंद्र मीना की उपस्थिति में जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया द्वारा किया गया। जिला प्रमुख सुदामा मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ समाधान करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करवाने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग को जारी सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पेचवर्क कराने की बात कही गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने गत बैठक की पालना रिपोर्ट प्रस्तुत कर शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली, कृषि आदि मुद्दों पर विभागीय स्थिति से सदन को अवगत कराया। सदस्यों द्वारा विभिन्न



क्षेत्रीय मुद्दे उठाए गए जिनमें विद्यालय भवनों की मरम्मत, बालिका विद्यालयों में शौचालयों की व्यवस्था, जल जीवन मिशन में प्रगति, श्री अन्नपूर्णा रसोई में भोजन गुणवत्ता, कृषि कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति तथा अमरूद बाग से गुजरती विद्युत लाइनों, अवैध बजरी खनन, और वजीरपुर में साईंस लेब निर्माण, वजीरपुर बड़ा बाग में सुलभ शौचालय निर्माण, श्यामपुरा से रईथा, चकेरी सड़क डामरीकरण, सोनू रैगर मिर्जापुर को विद्युत दुर्घटना का मुआवजा दिलवाने, गोतोड़-मित्रपुरा जीएसएस से विद्युत आपूर्ति आदि शामिल थे। इस पर जिला प्रमुख ने संबंधित विभागों को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। सदस्यों द्वारा विगत साधारण सभा में पंचायतों में ओपन जिम शुरू करवाने के प्रस्ताव के संबंध में जानकारी चाहने पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा ओपन जिम हेतु चयनित 5 हजार से अधिक जनसंख्या वाली 60 से अधिक ग्राम पंचायतों की सूची समस्त सदस्यों को उपलब्ध करवाई गई। इसी प्रकार सोनू रैगर मिर्जापुर को विद्युत दुर्घटना का मुआवजा दिलवाने के प्रकरण में 3 सदस्य कमेटी के माध्यम से जांच करवाकर 15 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश अधीक्षण अभियंत विद्युत विभाग बीएल मीना को दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बालेर हेतु भू-खण्ड आवंटन के पश्चात कार्य प्रारंभ नहीं होने पर जिला कलक्टर द्वारा विश्र विभाग सचिव को पत्र लिखवाने के निर्देश सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए। साथ ही तलावड़ा तहसीलदार के मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहने की शिकायत पर उन्हें पाबंद करने के निर्देश भी दिए गए। रणथंभौर क्षेत्र से संबंधित मुद्दे भी बैठक में प्रमुखता से उठाए गए। सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा ने त्रिनेत्र गणेश मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए खोले रखने, होटल निर्माण पर नियंत्रण और वन क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण पर संज्ञान लेने की बात कही। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग बार-बार बंद होने पर चिंता जताई। पर्यटन क्षेत्र के विकास पर भी चर्चा हुई और सुझाव दिया गया कि टोंक, करौली और सवाई माधोपुर को एक पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में उप जिला प्रमुख बाबूलाल मीना, सदस्य प्रेम प्रकाश शर्मा, बाबूलाल नानतोड़ी, गजानंद बैरवा, हरदयाल जाटव सहित अन्य जिला परिषद सदस्य एवं समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण महासंघ युवा प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित, 26 पदाधिकारी हुए नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री शांतनु पाराशर, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दीपक निर्झरना के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा एवं आकाश भारद्वाज की सहमति से ब्राह्मण महासंघ सवाई माधोपुर युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुरली गौतम ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला महामंत्री रजत भारद्वाज ने बताया कि युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर प्रेमप्रकाश पाराशर, दुर्गाशंकर गौतम, लोकेश शर्मा, कुलदीप गौतम, अंकित सीठा को, जिला उपाध्यक्ष के पद पर लोकेश भारद्वाज, मुकेश शर्मा, उमेश शर्मा, सुनील शर्मा, दिनेश गौतम, योगेश शर्मा को, जिला मंत्री के पद पर श्रीकांत गौतम, भूपेश गौतम, पार्थ नागर, पवन मुद्गल, हर्षित शर्मा, रोहित गौतम को, जिला सचिव के पद पर सतीश शर्मा, गोविंद शर्मा, अंकित गौतम को, जिला मीडिया प्रमुख के पद पर अजय गौतम, जिला कोषाध्यक्ष के पद पर मोहित गौतम, जिला प्रवक्ता के पद पर चेतन शर्मा एवं जिला कार्यालय मंत्री के पद पर विजय शर्मा को पदाधिकारी नियुक्त किया है । जिलाध्यक्ष गौतम ने ब्राह्मण महासंघ युवा प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी मे 26 से अधिक लोगों को दायित्व देकर समाजहित में कार्य करने का आग्रह किया है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत निवारिया एवं नगरफोर्ट में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायतवार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड देवली की ग्राम पंचायत निवारिया एवं नगरफोर्ट में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पहुंचने पर जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीना से शिविर की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकाधिक पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही, संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार एक भी पात्र व्यक्ति



सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। इस दौरान शिविर में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, प्रधान बनवारी लाल जाट ने ग्रामीणों को आवासीय पट्टे सौंपे एवं सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान देवली उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने जिला कलेक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुए बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किए जा रहे हैं।

### बीसलपुर बांध का किया निरीक्षण

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को बीसलपुर बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मानसून पूर्व की गई तैयारियों को देखा। साथ ही, बांध में उपलब्ध पानी की मात्रा एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने बांध की देह का अवलोकन कर अभियंताओं को सुरक्षा के समुचित इंतज़ाम करने के निर्देश प्रदान दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर पुनर्वास भूपेंद्र यादव, देवली उपखंड अधिकारी मनोज मीणा, अधिशासी अभियंता मनीष बंसल, पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह, अधिशाषी अभियंता दिनेश बैरवा, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह एवं कनिष्ठ अभियंता पदमा लोधवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

### कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का किया निरीक्षण

## कोई भी कार्य के मामले में व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटें : कानाराम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सभी अनुभागों और कार्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया। उनके साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा भी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने आयोजना, संस्थापन, सतर्कता, सामान्य, निर्वाचन, विकास, विधि, न्याय, लेखा, भू-अभिलेख, एनआईसी, नागरिक सुरक्षा, बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम सहित कुल 20 से अधिक विभागीय शाखाओं का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं की गतिविधियों को पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने पर बल दिया। संपर्क एवं सतर्कता शाखा में लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्ष में कार्यरत कर्मियों का नाम, कार्य विवरण सहित चार्ट बनाकर दीवार पर चस्पा किया जाए। इससे आमजन को संबंधित अधिकारी/कर्मी की जानकारी सुलभ होगी तथा कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति निराश होकर वापस न लौटे। उन्होंने कहा कि जनहित, पारदर्शिता और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को प्राथमिकता के साथ लागू कर न केवल आंतरिक कार्यालय प्रणाली को सुदृढ़ करे, बल्कि आमजन के प्रति प्रशासनिक उत्तरदायित्वों का निवर्हन कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान करें।

### ई-गवर्नेंस को मिले प्राथमिकता

उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त विभागीय फाइलों को स्कैन कर



ई-फाइल सिस्टम में डाला जाए तथा अतिरिक्त भौतिक रिकार्ड को 15 जुलाई तक रिकॉर्ड रूम में स्थानांतरित किया जाए ताकि प्रशासनिक दक्षता और कागज रहित कार्यालय की दिशा में आगे बढ़ा जा सके।

### आपात स्थिति हेतु संयुक्त नियंत्रण कक्ष हो स्थापित

उन्होंने नागरिक सुरक्षा, बाढ़ नियंत्रण और अन्य सभी आपात नियंत्रण कक्षों को एकीकृत कर संयुक्त नियंत्रण कक्ष के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए।

### सिविल डिफेंस में प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर

**निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नागरिक सुरक्षा शाखा में कार्यरत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को 12 सिविल सेवा श्रेणियों में विभाजित कर प्रत्येक श्रेणी में प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कलक्टर को सभी प्रमुख कार्मिकों से परिचित कराया और लंबित प्रकरणों की स्थिति से भी अवगत करवाया।**

## बाघिन एरोहेड की मौत के बाद अब बाघ गणेश में दिखे बोन ट्यूमर के लक्षण

### एक कैनाइन भी टूटा, लेकिन मूवमेंट लगातार जारी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** अभी बाघिन एरोहेड की मौत का मामला पूरी तरह थमा नहीं कि उसके पीछे पीछे ही अब बात गणेश में भी बंद ट्यूमर के लक्षण नजर आने से वन विभाग में अजीब सी हलचल देखने को मिल रही है! उल्लेखनीय है कि रणथम्भौर टाइगर रिजर्व का बाघ गणेश (टी-120) पिछले एक माह से बीमारी से जूझ रहा है। उसका एक कैनाइन भी टूट चुका है। चिकित्सकों के अनुसार बाघ बीमार तो है, लेकिन लगातार मूवमेंट कर रहा है। ऐसे में विभाग ने गणेश के फोटो देहरादून स्थित वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआइआइ) के विशेषज्ञों को भेजे हैं। हालांकि वनविभाग ने बाघ के बोन ट्यूमर होने की पुष्टि नहीं की है। लेकिन एहतियात के तौर पर बाघ की मॉनिटरिंग बढ़ा दी है। बाघिन एरोहेड की मौत के बाद फिर से अन्य बाघों के जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

### पिछले एक माह से बीमारी से जूझ रहा टी-120

वनविभाग के अनुसार सर्वप्रथम नौ मई को बाघ के दांये पैर के ऊपर गर्दन की तरफ एक निशान देखा गया था। इस दौरान पाया कि बाघ का एक कैनाइन भी टूटा है। इसके बाद से ही मॉनिटरिंग की जा रही है। विभाग का कहना है कि यह निशान सूजन भी हो सकती है। हालांकि अभी तक बाघ का उपचार करने का फैसला नहीं किया गया है। मूवमेंट के अनुसार बाघ को स्वस्थ बताया जा रहा है।

### रिपोर्ट का इंतजार

वनविभाग फिलहाल डब्ल्यूआइआइ की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। यदि फोटो में बाघ को किसी बीमारी का अंदेशा होता है अथवा बाघ को कोई परेशानी होती है तो बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की अनुमति लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सकों के अनुसार ब्लड़ सैंपल लेकर उसे देहरादून जांच के लिए भेजा जा सकता है।

### इनका कहना है

बाघ गणेश के फोटो डब्ल्यूआइआइ भिजवाए गए हैं। देहरादून के चिकित्सकों के दिशा-निर्देश के अनुसार बाघ की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। फिलहाल मूवमेंट के दौरान बाघ स्वस्थ नजर आ रहा है।

**अनूप के आर, सीसीएफ, रणथम्भौर बाघ परियोजना**

## नाबालिग का अपहरण करने सहित अलग-अलग मामले में 10 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने अपराधियों की धर पकड अभियान को लेकर अलग-अलग मामलों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अपराधियों की धर पकड अभियान को लेकर पुलिस की पृथक-पृथक टीम गठित करके उचित दिशा निर्देशन में कार्यवाही करते हुए गठित टीमों द्वारा लगातार अलग-अलग ठिकानों पर गश्त व निगरानी करते हुए दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लडकी का अपहरण के आरोपी घनश्याम गुर्जर निवासी गोरधनपुरा थाना बरोनी व पायलट गुर्जर निवासी हरिपुरा उर्फ सरिमा को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार फरार चल रहे स्थाई वारण्टी कैलाश बैरवा निवासी भरथला, उपेन्द्र करुआ निवासी एसएसईपीडब्लूई रेल्वे स्टेशन निवाई व गणेश सैनी निवासी कीर कॉलोनी निवाई को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बीएनएसएस धारा में कादर खान निवासी सुनावई पोस्ट सैनपुरा नारम्बी जिला फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश, महावीर कालबेलिया निवासी अणतपुरा, भरोसी महतो निवासी जानपुर थाना भंदोर जिला बकवा पटना, बाबूलाल मीणा व कानाराम मीणा निवासी राधाकिशनपुरा हाल निवासी गुणसागर कॉलोनी अलियाबाद रोड निवाई को गिरफ्तार किया है।

## मनोहरपुरा भेरुजी का बासड़ा में श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** मनोहरपुरा भेरुजी का बासड़ा में स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर, भौमिया जी एवं गुरु महाराज के स्थान पर बुधवार से महामंडलेश्वर नागापागलदास महाराज वाटिका के सानिध्य में विशाल 11 कुण्डीय नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु श्याम शर्मा ने बताया कि नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक साध्वी अन्नपूर्णा शास्त्री वृंदावन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार भजन सम्राट मिट्ठू बना सूर्या द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी एवं यज्ञाचार्य पंडित कुलदीप वेदिक जयपुर के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के 56वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वन राज्यमंत्री संजय शर्मा की अगुवाई में 56 पौधारोपण लगाए गए

## वन राज्यमंत्री ने पौधारोपण कर केंद्रीय मंत्री के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घाआयु की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के 56वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सर्किट हाउस में 56 पौधे लगाकर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घाआयु की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पूरे देशभर में केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाया जा रहा है तथा अलवर में भी जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वृक्ष जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये न केवल हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं और जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि पौधारोपण के लिए यह सबसे उपयुक्त समय है अत: सभी नागरिक अधिक से अधिक पौधा लगाएं और उनकी देखभाल करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों व जनप्रतिनिधियों एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे। इस अवसर पर घनश्याम गुर्जर, पं. जलेसिंह, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, दिनेश गुप्ता, जीतू सैनी, अरूण जैन, प्रकाश अडिचवाल, विष्णु शर्मा, मुकेश तिवाडी, मती संध्या मीणा, मती सुशीला यादव, मती ममता कंवर, मती अंजू शर्मा, सीताराम चौधरी, जितेन्द्र गोयल, रजनीश जैमन, श्याम यादव सहित बडी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# सीमित परिवार एवं बच्चों में अंतराल की जागरूकता हेतु शुरू हुआ जन जागरूकता अभियान

## अभियान के दौरान शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस से पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान दो चरणों में दो पखवाडों के माध्यम से मनाया जाएगा। पहला चरण 10 जुलाई तक व दूसरा चरण 11 जुलाई से 24 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीमित परिवार और बच्चों में अंतराल रखने के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मोबिलाइजेशन पखवाडा 27 जून से प्रारम्भ हुआ जो 10 जुलाई तक संचालित रहेगा तथा सेवा प्रदान पखवाडा 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान जिला एवं ब्लॉक स्तर प्रचार-प्रसार गतिविधियों के साथ ही सेवा प्रदान गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। डीसीएमएचओ डॉ. के.के.मीना ने बताया कि मोबिलाईजेशन पखवाडा के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से अपने क्षेत्र में योग्य दंपतियों स संपर्क कर सीमित परिवार के लाभ, पहले व दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, गर्भनिरोधक इन्जेक्शन, परिवार कल्याण सेवाएं और पुरूषों की परिवार नियोजन में सहभागिता पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी तथा दूसरे पखवाडें में स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाले लोगों को परिवार कल्याण साधनों की उपलब्धता पर परामर्श दिया जाएगा। पखवाडे के दौरान हर स्तर पर अंतराल साधनों की उपलब्धता सुनिनिश्चत की जाएगी। पखवाडें की जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे। वही इस दौरान मेगा नसबंदी शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। समस्त गतिविधियों में जिन ब्लॉक की प्रगति उपेक्षित स्तर की नही होगी। उन्हे अभियान के दौरान शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए है।

# सुनील उर्फ टुल्ली हत्याकांड के आरोपियों का मुख्य बाजार में निकाला जुलूस

## फ़िल्मी दुनियां से प्रभावित न होकर समाज से प्रभावित हों : मलिक

### आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर पुलिस का सन्देश याद रखें नहीं तो होगा अपराधियों का ऐसा अंजाम

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र में एक माह के भीतर हुए तिहरी गोलिबारी काण्ड से लेकर आज तक बानसूर वृत्त पुलिस चाकचौबंद है। बानसूर वृतांधिकारी दशरथ सिंह के कुशल नेतृत्व में सभी थानाधिकारीयों सहित पुलिस कर्मी हमेंशा अलर्ट मोड़ पर रहते हैं। बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में हुई गोलिबारी के शिकार सुनील उर्फ़ टिल्लू की उपचार के दौरान मृत्यु हों गई थी। लेकिन टुल्ली की मृत्यु के बाद न कोई सोर शराबा न कोई धरना प्रदर्शन शायद कृष्ण यादव उर्फ़ कृष्ण पहलवान के डर की वज़ह से नहीं हुआ होगा क्योंकि कृष्ण पहलवान ने सोशियल मिडिया पर एक वीडियो जारी कर दिया था। वहीं शायद पुलिस को भी सन्देह होगा कि कहीं और कोई बात नहीं हों जाएं, उसको लेकर सुनील उर्फ़ टुल्ली का पोस्टमार्टम भी कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल में ही करवाया और शव परिजनों को सुपुर्द कर स्वयं घटना सहित आगे कोई घटना न घटे उसकी मोनोट्रिंग करती रही साथ ही दाह संस्कार करवा पुलिस अपने मुकाम पर पहुँची। वहीं विधायक देवीसिंह शेखावत के आईजी रेंज अजयपाल लाम्बा से मिले, लाम्बा ने आश्वसत किया कि जो भी हों क़ानून से खिलवाड़ करने वाला पकड़ा जाएगा। लाम्बा की बात में दम था तभी तो अपराधियों की सोमवार को परेड हुई। उधर वृतांधिकारी दशरथ सिँह ने कहा कि 24जून को घटित घटना क्रम को लेकर उच्च अधिकारीयों ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस को जो निर्देश दिए गए थे उसी की बदौलत यह परेड आप देख रहे हैं। उधर बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि सरकारी गाड़ी देखकर कहीं अपराधी भाग न निकलें इसको लेकर प्राइवेट लेकर गए। लेकिन अंदेशा होने पर उन्होंने हमारी गाड़ी पर फायरिंग की जिसकी जवाबी कार्यवाही में पुलिस को भी फायरिंग करनी पड़ी जिसमें तीन बदमाश घायल हो गए। जिन्हे उपचार के बाद बानसूर लाया गया है और परेड करवाई गई है जिससे पुलिस का आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर क़ायम रहे।

# पर्यावरण एवं वन मंत्री ने किया भामाशाह का सम्मान






बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को जैन बी. एड कॉलेज अलवर में जिला स्तरीय भामाशाह और प्रेरक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जगहों के 70 भामाशाह और 25 प्रेरकों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में गांव बाबरिया निवासी नत्थूराम यादव पुत्र सूरजभान यादव को वन एवं पर्यावरण मंत्री द्वारा शिक्षाश्री की उपाधि देकर नवाजा गया। नत्थूराम यादव द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाबरिया के लिए जमीन का निशुल्क दान किया गया है। इसको लेकर उनका सम्मान हुआ। वही विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार आर्य को भी भामाशाह प्रेरक में जिला स्तर पर सम्मानित किया गया है।

# वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने किया बाला किला सड़क का निरीक्षण

### क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने के साथ सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान





**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)संजय शर्मा ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी एवं यूआईटी के अधिकारियों की टीम के साथ प्रतापबंध से बाल किला का दौरा कर लैण्ड स्लाइडिंग से क्षतिग्रस्त हुई सडक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वन राज्यमंत्री शर्मा ने विगत दिनों लैंड स्लाइडिंग से प्रताप बंध से बाला किला तक की सड़क के क्षतिग्रस्त होने पर पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे क्षतिग्रस्त सडक की अस्थाई रिस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि क्षतिग्रस्त सड़क के मरम्मत कार्य में मानकों के अनुरूप गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सडक के स्थाई मरम्मत के लिए विभाग को भेजे गए प्रस्ताव को यथाशीघ्र स्वीकृत करावे। उन्होंने यूआईटी द्वारा 10 लाख रूपये की लागत राशि से सडक के साथ वाटर-वे (बरसाती ड्रेनेज नाली) के कराए जा रहे कार्य का निरीक्षण कर अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि सड़क की सुरक्षा के लिए सड़क के साथ बनी ड्रेनेज नाली की सफाई व मरम्मत कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा करावे। उन्होंने प्रतापबंध से बाला किला तक की सडक पर बनाए गए स्टेट टाइम के समय के 32 अंडर ग्राउंड वाटर-वे की निगरानी रखने एवं साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। इस दौरान पीडब्ल्यूडी की अधिशाषी अभियंता अल्का व्यास,यूआईटी के अधिशाषी अभियन्ता कुमार संभव अवस्थी एवं पं. जले सिंह, सतीश यादव, जीतेन्द्र राठौर, श्री लोचन यादव, प्रकाश अडीचवाल, अरुण जैन मौजूद रहे।

# भिवाड़ी में दबंगों ने किया महिला की जमीन पर जबरन कब्जा, कानून हुआ लाचार

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (मुकेश कुमार शर्मा)।** भिवाड़ी में दबंगों ने अब जमीनों को कब्जे में करने के लिए अपने कर्मचारियों और बाउंसर को भेज कर जेसीबी चलवा कर जमीन को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की है। भिवाड़ी में कब्जे को लेकर बहुत ही शर्मनाक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, पीड़िता का दावा है कि अवलोंन प्लाजा से संबंध रखने वाले व्यक्तियों ने उसकी निजी जमीन की 70 फीट लंबी दीवार को तोड़ दिया, तथा दबंगो को भेज कर जबरन कब्जा कर लिया गया है। आरोपो के मुताबिक, जब महिला शिकायत लेकर महिला पुलिस चौकी पहुंची तो चौकी इंचार्ज ने न केवल सुनने से इनकार कर दिया, बल्कि शिकायत की कॉपी भी फाड़ दी। विरोध करने पर मेंटेनेंस इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने कथित तौर पर महिला गार्ड्स और गुंडो को बुलाकर पीड़िता व उसके साथी पर पत्थरों से हमला करवाया तथा मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, लेकिन प्रशासन ने स्वत संज्ञान न लेकर केवल चुप्पी साधे बैठा है, जबकि आरोपियों ने बेख़ौफ़ होकर जेसीबी चला दी और कानून को खुली चुनौती दी है।

# यह पखवाड़ा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि अंत्योदय दर्शन को जमीनी स्तर पर उतारने का है : शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कोलाहेड़ा, महनपुर, लोयती एवं नांगल लाखा ग्राम पंचायतों में आयोजित जनकल्याणकारी शिविरों का निरीक्षण किया।इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुँचाकर उसे सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। शेखावत ने कैंपों में पहुँचकर मौके पर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं भी सुनीं, और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। शेखावत ने यह स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे और सभी लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाया जाएं। शेखावत ने कहा, यह पखवाड़ा केवल सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय दर्शन को ज़मीनी स्तर पर उतारने का संकल्प है। सरकार गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी तक सेवा और विकास पहुँचाने के लिए कटिबद्ध है। इस अभियान के अंतर्गत कौशल विकास, स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से ग्रामीण जनता तक पहुँचाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं सैकड़ों लाभार्थी उपस्थित रहे।

## प्रोफ़ेसर जुगमंदिर तायल की स्मृति में सभा का आयोजन

# प्रोफेसर तायल मेवात में बालिका शिक्षा और भाईचारे की संस्कृति के अग्रदूत थे : जीवन सिंह मानवी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर मेवात शिक्षा एवं विकास संस्थान (एमिड), जनवादी लेखक संघ अलवर (जलेस) तथा सृजन संस्थान अलवर के संयुक्त तत्वावधान में प्रोफेसर जुगमंदिर तायल की स्मृति में मोती डूंगरी स्थित एक समारोह स्थल पर सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता साहित्यकार जीवन सिंह मानवी ने की, जबकि मंच संचालन नूर मोहम्मद ने किया।इस अवसर पर अलवर जिले के अनेक प्रबुद्ध नागरिक एवं एमिड संस्था की छात्राएं उपस्थित रही। सभा को संबोधित करते हुए साहित्यकार जीवन सिंह मानवी ने कहा कि प्रोफेसर तायल प्रगतिशील जनवादी मूल्यों की अलख जगाने वाले कवि और विचारक थे। उनकी प्रेरणा से मेवात में एमिड संस्था ने बालिका शिक्षा और भाईचारे की संस्कृति को विकसित करने की दिशा में गहरी छाप छोड़ी है। उनका निधन अलवर और राजस्थान के साहित्य- संस्कृति जगत के लिए एक युग के अंत की तरह है। आज प्रोफेसर तायल को सच्ची श्रद्धांजलि यही हो सकती है कि हम उनके व्यक्तिव और कृतित्व से प्रेरणा लेते हुए लोकतांत्रिक व संवैधानिक मानवीय मूल्यों की रक्षार्थ कार्य करते हुए प्रोफेसर तायल के कार्यों को आगे बढ़ाएं। प्रोफेसर तायल विचारधारा से कम्युनिस्ट रहे, लेकिन उन्होंने अपना जीवन गांधीवादी तरीके से जिया। उनके व्यक्तिव में साम्यवादी और गांधीवादी विचारधारा का अनूठा समन्वय था। विश्व इतिहास और सभ्यताओं के इतिहास में उनकी जितनी गहरी पैठ थी, वैसी विरलों को ही होती है। इस अवसर पर एडवोकेट हरिशंकर गोयल, मौलाना हनीफ, मौलाना अनस, जलेस अलवर इकाई के अध्यक्ष नीलाभ पंडित, सचिव भरत मीणा, सृजन संस्थान के सचिव रामचरण राग, इंजीनियर सद्दीक अहमद, राजकुमार बक्शी, पूर्व सरपंच नूर मोहम्मद नूर खानपुर, डॉ संगीता गोगिया, डॉ अशोक मीणा, सीए मुख्तयार , शफात मैनेजर, डॉ छंगा राम मीणा, पूर्व एडीएम शौकत अली, प्रोफेसर तायल के परिजन श्रीमती सुधा एवं महेंद्र गुप्ता तथा एमिड संस्थान की छात्रा लीडर जायदा, अनिशा बरखा, जसोदा, आफरीन इत्यादि ने भी विचार व्यक्त किए।

# रातो रात दबंगों ने रोड़ के पास कब्जा कर डंडा खीचा व नगर पालिका के कचरा पात्र को मैन रोड पर रखा

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (मुकेश कुमार शर्मा)।** भिवाड़ी के समीप टपूकड़ा कस्बे में खारे कुए के पास सैन समाज के तीन से चार परिवार के सदस्यों द्वारा दबंगाई दिखाते हुए दुसरे व्यक्ति की जमीन पर लैंटर डाल कर व रात्री को करीब 8 बजे से सुबह करीब तीन बजे तक रोड़ पर 75 फूट लंबाई पर चार फूट की नीम खोदकर दिवार खड़ी की। ग्रामीणों ने बताया कि इस दंबगाई में रामकुवार उर्फ लाल सैन व उसके पुत्र प्रमोद जो की एक फौजी है, नीरज सैन, मुकेश सैन व धर्मवीर पुत्र दुल्ली चंद, गोलू, नीतू, मोहित, कपील, सोनू पुत्र जगराम, रोशन, पवन, काला व करीब दस महिलाए मौजूद रही। मौहल्ले में डर का माहौल पैदा हो गया।

# अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश

## 'जिला कोटा एक दृष्टि में - 2025' फोल्डर का विमोचन किया गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिला कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सोमवार को अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल व जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निवारण न्यूनतम समय में किया जाए और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि परिवादी विभागीय कार्यवाही से संतुष्ट हो।



### 30 दिन से अधिक लंबित मामलों की समीक्षा व जवाबदेही तय करने के निर्देश

कलेक्टर ने उन प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिनमें 30 दिन से अधिक समय बीत चुका है और समाधान लंबित है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का विभागवार विश्लेषण कर शीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक सोमवार को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की पूरी जवाबदेही के साथ समीक्षा की जाएगी।

### अंत्योदय पखवाड़े में पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता से जोड़ने के निर्देश

**कलेक्टर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे में दी जाने वाली सेवाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विभाग वंचित पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करें। शिविरों में अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर पारदर्शिता एवं तत्परता से योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।**

### मानसून को लेकर विभागों को सतर्कता बरतने के निर्देश

बरसात के मौसम में स्वास्थ्य, बिजली, केडीए, पीएचईडी व नगर निगम सहित संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर चेतावनी चिह्न लगाए जाएं, पेयजल की नियमित सैंपलिंग हो, खुले तारों को तुरंत दुरुस्त किया जाए तथा जर्जर भवनों और विद्यालयों में आवागमन पर रोक लगाई जाए। उन्होंने मानसूनी बीमारियों के सर्वे और दवाओं के पर्याप्त उपलब्ध्ता की भी बात कही।

### *जिला कोटा एक दृष्टि में - 2025' फोल्डर का विमोचन*

*बैठक के दौरान जिला कोटा एक दृष्टि में - वर्ष 2025 फोल्डर का विमोचन जिला कलेक्टर श्री पीयूष समारिया तथा जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। यह फोल्डर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक राम नारायण मालव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस फोल्डर में जनगणना, नगर-ग्राम विकास, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, सहकारिता, संचार, सड़क आदि प्रमुख विषयों से संबंधित अद्यतन जानकारी सम्मिलित की गई है। यह फोल्डर विभिन्न विभागों से प्राप्त सूचनाओं का समग्र संकलन है जो जिला प्रशासन और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस आराधना चौहान, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) अनिल सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।*



# जिला कलक्टर ने किया पीडब्ल्यूडी कार्यालय का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने सोमवार को अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया और बजट घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। श्री समारिया ने पीडब्ल्यूडी अभियंताओं को कार्य की गुणवत्ता बरकरार रखते हुए समय पर प्रोजेक्ट पूरे करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में कुल 14 कार्य हैं जिनमें से 11 कार्य चल रहे हैं एवं इस वर्ष के अंत तक पूर्ण हो जाएंगे। इनमें 7 सड़क निर्माण, 4 पुलिया, 2 आरओबी एवं 1 डीपीआर बनाने कार्य है। वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा में कुल 18 कार्य हैं। इनमें से 17 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है और इनकी निविदा प्रक्रियाधीन है। एक डीपीआर बनाने कार्य था जो पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सीआरआईएफ योजना के तहत 8 कार्य स्वीकृत हैं जिनमें से 4 पूर्ण हो चुके हैं। योजना के तहत 6 कार्यों के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भिजवाए गए हैं। बैठक में जिला कलक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं अटल प्रगति पथ के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत दो पुलिया एवं 5 सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं जिनमें से 6 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। इसके अलावा दो नए कार्य स्वीकृत किए गए थे जो प्रगतिरत् हैं। वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा में अटल प्रगति पथ के 14 कार्य स्वीकृत किए गए थे जिनमें से 4 कार्यों की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। जिला कलक्टर ने जिले में चल रहे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति के बारे में भी चर्चा की और कार्यों को तय समय पर पूरा करने निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि इंद्रगढ़-ढीपरी-रजोपा-सहनावदा-ललितपुर स्टेट हाईवे 120 पर गोठड़ा कलां में 256 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की निविदा आमंत्रित कर ली गई है जो जुलाई माह में खोली जाएगी। अगस्त माह में इसके कार्यादेश जारी किए जाने की संभावना है। परियोजना के तहत 4.80 किलोमीटर में से 1.88 किलोमीटर ब्रिज का हिस्सा होगा। इसके अलावा सवाई माधोपुर-कोटा एमडीआर 51 पर झरेल के बालाजी के पास 165 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण कार्य प्रगतिरत् है जो मार्च 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। इसमें ब्रिज की लंबाई 1.88 किलोमीटर है। बैठक में आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, अधीक्षण अभियंता जेपी गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा बागेश्वर धाम सरकार का जन्मोत्सव, 4 जुलाई को आधा घंटे लाईव प्रवचन देंगे बागेश्वर धाम सरकार

## कोटा में पहली बार चार दिवसीय होंगे विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक सरोकार के आयोजन, तैयारियां जोरों पर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव को कोटा में उनके अनुयाईयों द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मण्डल कोटा के अध्यक्ष अनुज शर्मा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि बागेश्वर धाम सरकार का जन्मोत्सव आगामी 4 जुलाई को है, इस अवसर को मनाने के लिए कोटा में श्रद्धालुओं में अपार उत्साह का माहौल बना हुआ है। जन्मोत्सव के अवसर पर चार जुलाई को रात्रि 8 बजे बागेश्वर धाम सरकार के लाईव प्रवचन होंगे। जन्मोत्सव को कोटा में चार दिवसीय मनाया जाएगा। जिसमें एक से चार जुलाई तक विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण के आयोजन होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की श्रृंखला में एक जुलाई को जवाहर नगर स्थित बागेश्वर धाम कार्यालय में सुबह 9 बजे से रामायण पाठ का आयोजन होगा। दो जुलाई को बोरखेड़ा स्थित कंचन रिसोर्ट में हवन पूजन, पौधारोपण, गौसेवा, वानरसेवा, पक्षी सेवा और मत्स्य सेवा की जाएगी। जिसमें गौमाता के दो पिकअप गाड़ी भरकर हरा चारा डाला जाएगा। वानर सेवा के तहत बंदरों के लिए ककड़ी और पांच क्विंटल केले, पक्षियों के लिए पांच क्विंटल दाना व मछलियों के लिए पांच क्विंटल आटा डाला जाएगा।

### रक्तदान शिविर एवं भजन संध्या 3 को

**बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मण्डल कोटा के अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि तीन जुलाई को बोरखेड़ा स्थित कंचन रिसोर्ट बोरखेड़ा में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर, शाम 5 बजे से सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ एवं रात को 9 बजे प्रसिद्ध भजन गायिका अधिष्ठा अनुष्का मन्दसौर मध्यप्रदेश व श्याम सलोना कोटा द्वारा बागेश्वर धाम सरकार के जन्मोत्स्व पर एक शाम बाघेश्वर सरकार के नाम भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। वहीं चार जुलाई को कंचन रिसोर्ट बोरखेड़ा में ही विशाल आम भण्डारे का आयोजन होगा। साथ ही शहर में विभिन्न जगहों पर सुबह 10 बजे से भोजन के पैकेट वितरित किये जाएंगे।**

# रजक समाज के बच्चों के लिए करियर गाइडेंस कार्यशाला




बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** रजक समाज के शिक्षित बच्चे जो कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं, स्नातक आदि में अध्ययनरत हो,किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हो उन समस्त रजक समाज के बच्चों के लिए रजक समाज कर्मचारी समिति कोटा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करने जा रही हे। समिति समाज के शिक्षित बच्चों को केरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन दिनांक 6 जुलाई 2025 को स्थान श्री संत गाडगे छात्रावास केशवपुरा कोटा में सांय 4.00 बजे से सायं 7.00 बज ेतक किया जाएगा। समाज के शिक्षित बेरोजगार बच्चों को सरकारी व निजी संस्थाओं में भर्तियों राज्य एवं केन्द्र सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में समिति के पुलिस, प्रशासनिक, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, बैंक ऑफिसर्स एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा उक्त तिथि को नियत स्थान एवं समय पर समस्त प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने एवं भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल करने केलिए समस्त उपस्थित बच्चों को केरियर गाइडेंस दी जाएगी। कार्यशाला में केरियर गाइडेंस की सुविधा समस्त समाज के बच्चों के लिए नि:शुल्क है। रजक समाज सम्भागींय कर्मचारी विकास समिति कोटा के अध्यक्ष प्रकाश चन्द पवन एवं मुख्य सलाहकार रामस्वरूप पंकज ने एवं समिति के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यशाला में उपस्थित समस्त समाज के बच्चों को संबंधित विषय के प्रथक-प्रथक वक्ताओं एवं प्रबुद्धजनो द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रतियोगी परीक्षा के संबंध में विस्तार से बिन्दु वार बच्चों को वक्ताओं द्वारा सम्बोधित किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने केरियर गाइडेंस कार्यशाला आयोजित करने की समस्त तैयारी पूर्ण कर ली है।

# ट्रेक्टर चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** पिछले दिनों नैनवां बटवाड़िया से हाईवे तक सड़क पेंच वर्क करने वाले ठेकेदार का ट्रेक्टर-ट्रॉली सहित अन्य उपकरण चोरी हो गये थे। ठेकेदार ने पुलिस को रिपोर्ट दी गई थी। पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान किया गया। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने इस प्रकरण को लेकर तकनीकी की मदद से जॉच पड़ाल किया गया। जिस पर पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने करण सिंह उर्फ महेन्द्र पुत्र मंशा बंजारा निवासी बोरदा थाना भॅवरगढ़ को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायालय में पेश करके तीन दिन का पीसी रिमांड पर लिया गया है। पुलिस टीम में थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा,प्रकाश चंद हैड़,बल्लो सिंह कांस्टेबल,राकेश कांस्टेबल थे।

# 255 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए, 73 हजार से अधिक जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए डीआरएम श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सवारी गाड़ियों में औचक सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। विगत कई दिनों से लोकल सवारी गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसके मद्देनजर सोमवार 30 जून को कोटा -भवानीमंडी रेल मार्ग पर चार सवारी गाड़ियों गाड़ी संख्या 59838 कोटा-अकलेरा, गाड़ी संख्या 61616 कोटा-नागदा, गाड़ी संख्या 61623 चौमहला-कोटा एवं गाड़ी संख्या 59837 अकलेरा-कोटा में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में कुल 255 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे कुल 73,770 रूपए का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान के दौरान रामगंजमंडी एवं भवानीमंडी स्टेशनों पर भी बिना टिकट यात्रियों की जाँच की गई। चेकिंग अभियान में चेकिंग स्टाफ लक्ष्मीकांत मीना, दीपक शर्मा, सलोनी शर्मा, विष्णु कुमारी, मुनेश मीना, फतेह सिंह गुर्जर, अमन शर्मा एवं आरपीएफ स्टाफ रायसिंह, अमर सिंह मीना, प्रवेश कुमार मीना एवं बाबू लाल चौधरी ने अहम् भूमिका निभायी। इस अभियान से रेलवे ने विशेष रूप से लोकल बिना टिकट यात्रा करने वालें यात्रियों की धड़पकड़ की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सके। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि वे उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# स्कूल कॉलेज में कुछ भी पढ़ाएं, संस्कार तो घर से ही आते हैं: कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत

**विप्र फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न, 21 दिसंबर को होगा अन्नकूट एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन**




बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (दामोदर सिंह)।** विप्र फाउंडेशन की ओर से ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह मंगलेश्वरी गार्डन, रंगबाड़ी रोड कोटा पर आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत, विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, राज दाधीच निदेशक एमडी मिशन कॉलेज रहे, अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा (चच्चू भैया) ने की, इनके साथ ही हरिसूदन शर्मा, शशि शर्मा, रघुनंदन गौतम, पंडित कैलाश गौतम, श्रुति मालवीय, अनीता शर्मा भी मंचासीन रही। फाउंडेशन के प्रदेश प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। जहां अतिथियों का माला पहना, साफा बंधवा, प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने सम्मानित होने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आज मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं अपने ही परिवार में आ गया हूं, क्योंकि पूर्व में भी मैं कोटा में पार्टी के कई पदों पर कार्य कर चुका हूं और पुनः मुझे यहां आने का सौभाग्य मिला यहां लोगों का जो प्यार मुझे मिला है ऐसा लगता है पूर्व में किए हुए कार्यों का ही यह प्रतिफल है क्योंकि मैं गरीब परिवार से हूं और 47 वर्षों से संघ की सेवा की और आज इस पद पर हूं। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन समय-समय पर प्रतिभाओं एव समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ने का कार्य करती है यह संस्था कोटा ही नहीं पूरे देश में समाज हित में कार्य कर रही है इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र हैं। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी शर्मा (चच्चू भैया) ने जयघोष के साथ फिर एकता की बात करते हुये प्रदेश में घटती जनप्रतिनिधियों की संख्या पर बोलते हुए कहा कि पहले हमारे सात-आठ विधायक हुआ करते थे अब सिर्फ दो ही रह गए कहीं ना कहीं हमारी कमी रही है पर फिर हमारा समय आएगा।

### 155 से भी अधिक प्रतिभाएं सम्मानित

गौतम ने बताया की प्रतिभा सम्मान समारोह में 155 से भी अधिक प्रतिभाशाली बच्चे जिन्होंने वर्ष 2024-25 की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है या नीट एवं आईआईटी मे सलेक्ट हुए हो अथवा खेलो में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर भाग लिया है को भी सम्मानित किया गया। गौतम ने बताया की समारोह में नन्ही बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक

### *नृत्य ने भी लोगों का मनमोहा।*

*इस अवसर पर जगदीश शर्मा (पी ए), भीम गौतम, अनीता शर्मा, सुरेश शर्मा, श्याम दीक्षित, ऋषभ दुबे, रघु नंदन गौतम पदम गौतम नरेन्द्र नंदवाना पं कैलाश जी, योगेश मिश्रा बबलू मिश्रा के बी गौतम समर्थ व्यास गजेंद्र छावनी श्रुति मालवीया लक्ष्मी शर्मा रमा शर्मा कुसुम शर्मा मंजू शर्मा रेनू शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या समाज*

# गायरी समाज उतरा सड़को पर प्रेमचंद गायरी के हत्यारो को फांसी देने की करी मांग

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा मे कुछ दिन पहले प्रेमचंद गायरी को अपहरण कर ले चले गये थे अपहरण करने वालो ने प्रेम चंद गायरी के साथ मारापिटी करी और मार मार कर अधमरा कर दिया था जिस कारण से उनकी मृत्यु हो गई थी जिसको पुलिस ने एक्सीडेंट बता कर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है । इस घटना मे जब परिवार जनों द्वारा जिला चिकित्सालय मे डेड बॉडी लेने से मना कर दिया था तो सदर थाना प्रभारी संजय शर्मा द्वारा आरोपियों पर 24 घंटे मे कार्यवाही का भरोसा दिया था अगर 24 घंटे मे कार्यवाही नहीं हुई तो मे यहाँ से चला जाऊंगा घटना को करीब एक महीना बीत जाने के बावजूद भी आरोपियों पर ना तो 302 लगाई गई और ना ही बुलडोज़र कार्यवाही की गई इसके उलट घटना को एक्सीडेंट बताया जाकर कम धाराएं लगाकर आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। गायरी समाज के आस पास के प्रदेशो से समाज के प्रतिनिधि भी प्रदर्शन मे शामिल हुए और उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपकर कार्यवाही की मांग करी जब तक आरोपियों पर 302 जैसी धाराएं नहीं बढ़ती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा । प्रदर्शन मे पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आँजणा का साथ रहा और कहा निम्बाहेड़ा मे पिछले दो महीनों मे आठ हत्याएँ हो चुकी है जिससे शहर का माहौल पूरी तरह से ख़राब हो चूका है पुलिस अपहरण का केस लगा रही है 302 की धारा लगा नहीं रही है जब गुनाह नहीं किया होगा तो कोर्ट से हट जायेगी आप लगाने से क्यू डर रहे हो जब जिले मे शांति भंग हो रही है तो मे चुप नहीं बैठ सकता इससे पहले क़भी ऐसा नहीं हुआ । जब बात डोडा चुरा और अफीम की होती है तो पुलिस बिना टोपी और बिना बेल्ट के दौड़ पडती है । एसपी साब हर महीने दो तीन करोड़ की कमाई कर ली अब इनको भेज देना चाइये मे भी मांग करूँगा सरकार से प्रेम चंद गायरी को मार मार कर अधमरा कर दिया और उसकी मौत हो गई और पुलिस एक्सीडेंट बता रही है इतने जनों की मांग है तो 302 लगा कर जांच करनी चाहिये।

### कोटा के भामाशाह बजरंग साबू का हुआ सम्मान




**कोटा, (का.स.)।** जयपुर में 29 वा राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह जयपुर में आयोजित हुआ उल्लेखनीय है कि साबू परिवार शिक्षा के प्रति गंभीर है इन्होंने शिक्षा, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए हमेशा आगे बढ़ते हुए रुचि दिखाई है।

# राजकीय कार्यों को पूर्ण निष्ठा से करें, लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के लिये तैयार रहें : प्रियंका गोस्वामी

## जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने सभी बजट घोषणाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था, विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का समाधान, सफाई व सड़क व्यवस्था, हरियालो राजस्थान सहित सरकार की फ्लैगशिप व अन्य योजनाओं पर चर्चा कर योजनाओं का लाभ नियामानुसार प्रत्येक पात्र को दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



### संपर्क पोर्टल पर जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करें

जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल, सीएमओ, जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आमजन के लंबित परीवादों की विभागवार समीक्षा करते हुये कहा कि परिवादों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें, एवरेज डिस्पोजल टाईम में कमी लायें। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखें कि समाधान केवल औपचारिक ना हो बल्कि संतुष्टिपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी 30 दिन से अधिक समय से लंबित चल रहे परिवाद का निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं पोर्टल पर अपडेट भी करें।

### पं. दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े को लेकर दिये निर्देश

जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले भर में आयोजित किये जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में राजस्व, बिजली, पानी सहित सभी विभागों की विभिन्न सेवायें मौके पर ही प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शिविर में मौजूद रहे, जिला स्तरीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग कर जिले की प्रगति में गति लायें।


जिला कलक्टर ने एसीईओ को निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी पार्सल वितरण के कार्य में गति लायें, इस कार्य को प्राथमिकता से करते हुये समयबद्ध पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यों को पूर्ण निष्ठा से करें, कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के लिये तैयार रहें. खाद्य आपूर्ति विभाग को आधार सीडिंग व के-ईवाईसी यथाशीघ्र पूर्ण कराने, गिव अप अभियान के प्रति लोगों को जागरूक कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने मानसून के मद्देनजर संबंधित विभाग को बिजली व पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुये अपनी मशीनरी को सक्रिय रखने, जल भराव की समस्या से निपटने के लिये नगर परिषद को पहले से तैयारियां पुख्ता रखने, पंचायती राज विभाग व स्वायत शासन विभाग को क्षेत्र में खुले कुओं व ट्यूबवेल का शिविरों के माध्यम से या टीम गठित कर सर्वे करवाकर बंद करने के निर्देश दिये। बैठक में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एएसपी वैभव शर्मा, प्रशिक्षु आरएएस दिनेश कुमार, एसीईओ महेंद्र सैनी, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत सहित अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सवाई माधोपुर के राजेश कुमार मीणा महाराष्ट्र में मुख्य सचिव नियुक्त

## पूर्व सांसद जसकौर के है दामाद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के मूल निवासी और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश कुमार मीणा को महाराष्ट्र का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है. राजेश कुमार मीणा महाराष्ट्र कैडर के वरिष्ठ और कुशल प्रशासक माने जाते हैं. कई अहम प्रशासनिक पदों पर जिम्मेदारी संभाल चुके इन अधिकारी को अब महाराष्ट्र की नौकरशाही का सर्वोच्च पद सौंपा गया है. राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले राजेश मीणा की नियुक्ति को प्रदेश में गौरव का विषय माना जा रहा है. सवाई माधोपुर जिले के लोग इसे अपने जिले की बड़ी उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं। राजेश मीणा जसकौर मीणा की बेटी अर्चना मीणा के पति है। मीणा के मुख्य सचिव बनने के साथ ही राजस्थान मूल के अफसरों की राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती भूमिका में इजाफा हुआ है. राजेश कुमार मीणा को कामकाज का व्यापक अनुभव है. वे इस समय राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत है. अब तक विभिन्न विभागों में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। इससे पहले सुजाता सौनिक महाराष्ट्र की सीएस थी, वह राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव भी थी. वहीं, राजेश कुमार मीणा इसी साल अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे हैं. उनके रिटायर्डमेंट से 2 महीने पहले महाराष्ट्र सरकार ने अहम जिम्मेदारी सौंपी है।



# राजीविका की कलस्टर मेनेजर पर महिलाओं ने लगाया 25 लाख रुपए के घोटाले का आरोप

## महिलाओं ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की नवज्योति कलस्टर मेनेजर के खिलाफ 25 लाख रुपए के घोटाले के आरोप को लेकर सीएलएफ की महिलाओं ने सोमवार को टहला-राजगढ़ सड़क मार्ग पर बड़ला गांव में जाम लगा दिया। महिलाओं ने आरोप लगाया की राजीविका के अंतर्गत नवज्योति सीएलएफ कलस्टर मेनेजर ने महिला स्वयं सहायता समूह के पैसों में गड़बड़ी कर करीब 25 लाख रुपए का घोटाला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कलस्टर मेनेजर ने उनके खातों को बंद करवा दिया है जिसके कारण वो लेन-देन नहीं करवा पा रही है। इस दौरान महिलाओं ने करीब 30 मिनट तक नारेबाजी कर टहला मार्ग को जाम कर दिया जिससे टहला मार्ग पर दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पुलिस एवं राजीविका के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा महिलाओं को समझाइश कर जाम खुलवाया। महिलाओं ने कलस्टर मेनेजर को पद से हटाने तथा मामले की जांच करने की मांग की। जिला प्रबंधक अविनाश प्रकाश ने महिलाओं को 15 दिवस में कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला प्रबंधक अविनाश प्रकाश, जिला प्रबंधक रमेश मीना, सलोनी गुप्ता, सोनम शेखावत, भारत माता सीएलएफ मेनेजर सुधा शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज से खुलेंगे स्कूल, नामांकन बढ़ाने पर दिया जाएगा जोर

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** मंगलवार से ब्लॉक में संचालित राजकीय व निजी विद्यालय ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुलेंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत से पहले सभी सरकारी और निजी स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने ब्लॉक के समस्त पीईईओं/यूसीईईओं को निर्देश जारी कर अपने व अपने अधीनस्थ विद्यालयों में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान स्कूलों की छतों से कचरा हटाने, बंद नालों को खोलने और जरूरत पड़ने पर उनकी मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बोरवेल की दीवारों, स्कूल परिसर में स्थित टैंकों और खुले मैदानों, घास वाले क्षेत्रों या पेड़ों के पास संभावित जहरीले जीवों की उपस्थिति की जांच करने के लिए भी कहा गया है। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऐसी जो कक्षा कक्ष क्षतिग्रस्त हैं। छात्रों को इन कमरों में बैठने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बिजली के पंखे, स्वीच तथा बिजली के तारों की भी देखभाल के निर्देश जारी किए हैं।

### आज से शुरू हो जाएगा शिक्षण कार्य

ब्लॉक के सरकारी और निजी स्कूलों में शिक्षण कार्य 1 जुलाई से शुरू होग जाएगा। चूंकि पिछले सत्र की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, इसलिए कक्षा 1 से 12 तक की नियमित कक्षाएं पहले दिन से ही शुरू हो जाएंगी। स्कूलों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। हालांकि, परंपरा के अनुसार, इस तारीख को बढ़ाया भी जा सकता है। कक्षा 1 से 8 तक के लिए प्रवेश पूरे सत्र तक किए जा सकते हैं।

### इनका कहना

राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक एप के माध्यम से शिक्षकों द्वारा सर्वे किया जाएगा। विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का द्वितीय चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा, वर्षा ऋतु को देखते हुए विद्यालयों में क्षतिग्रस्त कमरों में बच्चों को नहीं बैठाने के निर्देश जारी किए गए हैं। - लीलावती मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर क्यूआर कोड सुविधा प्रारंभ

## रोगियों को अपने मोबाइल फोन से ओपीडी पंजीकरण की होगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** आयुषमान भारत के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी क्यूआर कोड का शुभारंभ उपखंड मुख्यालय के स्वतंत्रता सेनानी पाण्डेय् केहरी सिह राजकीय सामुदायिक पर किया गया है। इसका

उपयोग अस्पताल में पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाने, रोगी की जानकारी तक तुरंत पहुंचने और आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए किया जाता है. यह कोड अस्पताल के अद्वितीय क्यूआर कोड को स्कैन करके और अस्पताल के साथ अपनी प्रोफाइल जानकारी साझा करके, रोगियों को अपने मोबाइल फोन से ओपीडी पंजीकरण करने की अनुमति देता है ।

स्वतंत्रता सेनानी पाण्डेय् केहरी सिह राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ दीपक शर्मा के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के क्यूआर कोड के उपयोग रोगी एवं आमजन को विभिन्न सुविधाएं प्राप्त होती हैं जैसे



**आसान पंजीकरण**

क्यूआर कोड का उपयोग करके, मरीज अस्पताल में आसानी से पंजीकरण करा सकते हैं, जिससे लंबी कतारों से बचा जा सकता है.

**त्वरित जानकारी तक पहुंच-**

क्यूआर कोड के माध्यम से, स्वास्थ्यकर्मी मरीज की मेडिकल हिस्ट्री, एलर्जी, दवाओं और संपर्क जानकारी तक तुरंत पहुंच सकते हैं.

**आपातकालीन स्थिति में सहायता**

आपातकालीन स्थिति में, क्यूआर कोड के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंचना आसान हो जाता है, जिससे सही निर्णय लेने में मदद मिलती है.

**दवा सुरक्षा**

कुछ दवा कंपनियों ने दवा पैकेजिंग पर क्यूआर कोड शामिल किए हैं, जो दवा के निर्माण, पैकेजिंग और परिवहन के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं.

**प्रमाणीकरण**

क्यूआर कोड का उपयोग मेडिकल और फिटनेस प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता की पुष्टि करने के लिए किया जा सकता है, जिससे नकली प्रमाणपत्रों के उपयोग को रोका जा सकता है ।

**भुगतान**

कुछ स्वास्थ्य सेवाओं में, क्यूआर कोड का उपयोग भुगतान करने के लिए भी किया जा सकता है, जिससे प्रक्रिया तेज और सुरक्षित हो जाती है.

**स्वास्थ्य विभाग में क्यूआर कोड का महत्व**

क्यूआर कोड स्वास्थ्य सेवा में पारदर्शिता, दक्षता और सुरक्षा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. यह तकनीक रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं दोनों के लिए फायदेमंद है, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बनती है ।

# ग्राहक जागरण पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने ग्राहक जागरण विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। ग्राहक पंचायत भरतपुर के जिला सचिव देवाशीष भारद्वाज ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अथिति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक उतकर्ष रहे। मुख्य वक्ता ग्राहक पंचायत के जयपुर प्रांत सचिव रितेश शर्मा एवं अतिथि शुभमणि फाउंडेशन के सचिव एड. शुभनेश पाराशर रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष बाबूलाल कटारा ने की।कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुए रितेश शर्मा ने कहा ग्राहक को अपने अधिकारों से परिचित होना अति आवश्यक है। जिससे उसका शोषण ना हो सके ग्राहक पंचायत का आत्मसातीकरण हि है हमारा संकल्प शोषण मुक्त समाज और उसी ध्यय के साथ पंचायत ग्राहक हित मे कार्य कर रही है। संघ के विभाग प्रचारक उतकर्ष ने कहा ग्राहाको को अपने अधिकारों से परिचित होने के साथ अपने भारतीयता के मूल को भी ध्यान मे रख कर चलना होगा और स्वदेशी वस्तुओ के क्रय पर ध्यान केंद्रित करना भी आवश्यक है जिससे देश आर्थिक रूप से और अधिक समर्थ हो सके। एड. शुभनेश पाराशर ने ग्राहक जागरण हेतु प्रोजेक्टर पर वस्तुओ के मानको के विषय मे जानकारी देने के साथ खरीदारी के पश्यात पक्का बिल लेने को कहा जिससे वस्तु की खराबी पर उपभोक्ता मंच मे वाद प्रस्तुत किया जा सके साथ हि उन्होंने बताया जिस भी दुकान पर यह इंकित किया गया है की बिका हुआ माल वापस नही होगा वह कानूनी रूप से गलत है। अंत मे जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा ने सभी आगंतुक ग्राहक शक्ति का आभार प्रकट किया ।




# नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिये समन्वय से कार्य करें विभागः जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन सैंटर (एन-कोर्ड) की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** नार्को कोर्डिनेशन सैंटर (एन-कोर्ड) की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ-साथ जिले में नशा मुक्ति के लिये समुचित रूप से प्रभावी कार्यवाही करने और नशा मुक्त अभियान में आमजन की सहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी को जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग को कार्य योजना बनाकर एक निश्चित दिन पर शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से नशे के दुष्प्रभावों व रोकथाम के बारे में जागरूक करने को कहा। जिला कलक्टर ने मेडिकल स्टोर्स पर पर्याप्त निगरानी रखने, मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने, बिना पर्ची दवा देने, बैन दवाओं के रखने व नियमित दवा भंडार की जांच व समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमएचओ से जिले में ड्रग इंस्पेक्टर की नियुक्ति हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के लिये निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य योजना बनाकर जिले के मेडिकल स्टोर्स की जांच करें। अनियमितता पाये जाने पर मेडिकल स्टोर्स के लाईसेंस निरस्त कर कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित घटक दवाओं की बिक्री ना हो, इसके लिये ड्रग इंस्पेक्टर व चिकित्सा विभाग द्वारा समन्वित टीम बनाकर नियमित रूप से औचक कार्यवाही की जाये। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि नशा मुक्त अभियान की सफलता के लिये आमजन की जागरूकता और उनकी सहभागिता आवश्यक है, संबंधित राजस्व, आबकारी, समाज कल्याण, शिक्षा, आयकर एवं पुलिस विभाग सक्रिय होकर कार्य करें। बैठक में एएसपी वैभव शर्मा ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिये अब तक हुई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुये कहा कि समस्त एजेंसियां आपसी तालमेल से तस्करी पर रोक लगायें। सीमा पार से आने वाले नशीले पदार्थों और इनमें संलिप्त अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायें। नशीली दवाओं के व्यापार में संलिप्त मेडिकल व अन्य दुकानदारों व व्यक्ति पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायें। ताकि इनकी बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान संबंधित राजस्व, आबकारी, समाज कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा, आयकर एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




# दिलीप कुमार मीणा का सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कोटपूतली में मोहल्ला बुचाहेडा निवासी दीलीप मीणा ने 16मार्च1992 में अपनी नोकरी की सेवा शुरू की थी, उल्लेखनीय है कि मीणा ने 14 शाखाओ में अपनी सेवाए दी, भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा में 33 वर्षों से बीमा सेवा कार्य कर ईमानदारी से कार्य किया गया, शाखा कोटपूतली में दीलीप मीणा का भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर मीणा के परिवारजन भी मोजूद रहे, इस मौके पर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक बीएल मीणा, ने शाखा परिवार की तरफ़ से उज्वल भविष्य एवं कामनाएं की, इस दौरान शाखा प्रबंधक बीएल मीणा, प्रबंधक विक्रय अशोक कुमार बागोरिया, सहायक प्रबंधक तपेश, पदम जैन, हरिकेश मीणा, जे पी मीणा, उदयभान सिंह,अंजुबाला जैन, वर्षा इंदोरिया,सभी विकास अधिकारी, एवं अभिकर्ताओं द्वारा सम्मान समारोह में मीणा का सेवानिवृत्ति समारोह में सम्मानित किया गया एवं आयोजन में उपस्थित रहे।

# श्री के.पी. वर्मा बने अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक

## ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्ति आदेश जारी, एक वर्ष का रहेगा कार्यकाल

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 30 जून को राजस्थान सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा दिनांक 30 जून को जारी आदेश के अनुसार श्री कमल प्रकाश वर्मा, मुख्य अभियंता को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (पूर्णकालिक) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अजमेर डिस्कॉम के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 31(प)(ए) एवं (बी) के अंतर्गत की गई है। इसकी अवधि कार्यग्रहण की तिथि से एक वर्ष तक होगी। वर्मा वर्तमान में भी अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्य कर रहे है। 21 फरवरी 2023 को उनकी नियुक्ति प्रबंध निदेशक के पद पर हुई थी।



# अजमेर 6 साल की मासूम के साथ 65 साल के वृद्ध ने की दरिंदगी

## अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाने में हुआ मुकदमा दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाने में आज बहुत बड़ी दरिंदगी का मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने पीड़ित मासूम बालिका का जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के फोरेंसिक विभाग से मेडिकल कराया गया। कल देर रात की घटना बच्ची गई हुई थी किसी धार्मिक कार्यक्रम में दरिंदा वहीं से बच्ची को उठाकर ले गया। और कर दी उसके साथ दरिंदगी, पुलिस कर रही है मामले की जांच। बालिका की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# नगरपालिका की पहल- जगन्नाथ मेले में लगाई महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा हस्त निर्मित सामानों की दुकान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** नगर पालिका राजगढ़ द्वारा डे-एनयूएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को श्री जगन्नाथ जी के मेले में रोजगार दिया गया। स्वयं सहायता समूह की महिला काली देवी द्वारा बताया गया की नगर पालिका सीओ मीनाक्षी मिश्रा द्वारा महिलाओ का आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया और हमारे कार्य को बढ़ावा दिया गया। हम सभी महिलाएं घर पे स्वयं हस्त निर्मित पायदान बनाते है। नगर पालिका के सहयोग से पायदान की स्टॉल मेले में लगाई गयी। नगर पालिका स्टाफ द्वारा हमको बहुत सहयोग मिला है। काली देवी द्वारा बताया गया की हमारे काम को पहचान नगर पालिका राजगढ़ द्वारा मिली है। हम मेले में प्रतिदिन हमारी पायदान और प्रसाद की स्टॉल लगाते है। हेमलता देवी ,जमूरी, सुशीला देवी आदि महिलाओ द्वारा पहल की गयी।


# वर्षा ऋतु में विद्युत संबंधी शिकायत के निस्तारण की हो पुख्ता व्यवस्था: ऊर्जा मंत्री

## 24 घंटे काम करे कन्ट्रोल रूम- हीरालाल नागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/सांगोद।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने वर्षा ऋतु के दौरान विद्युत तंत्र में होने वाली परेशानियों की शिकायत और उनके निस्तारण की पुख्ता व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने की बात कही। वहीं, इस कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग 24 घंटे करने के लिए भी पाबंद किया गया है। मंत्री नागर ने कहा कि बिजली बंद होने, विद्युत लाइन का तार टूटने, मीटर में सप्लाई न आने या अन्य किसी भी समस्या के लिए तुरंत उपभोक्ता शिकायत कर सके और उस शिकायत का तुरंत निस्तारण हो, ऐसी पुख्ता व्यवस्था बननी चाहिए।

कोटा वृत के अधीक्षण अभियंता शिवचरण जांगिड़ ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत के निवारण के लिए विभिन्न माध्यमों से शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1800- 180- 6507 या 1912 या 0141- 2203000 पर फोन कर सकते हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम के नंबर 0744-2323638 तथा मोबाइल नंबर 94133 91086 पर भी कॉल किया जा सकता है। साथ ही, मोबाइल एप बिजली मित्र के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता 94140 37085 पर एसएमएस कर सकते हैं। साथ ही, 94140 37008 पर व्हाट्सएप भी किया जा सकता है। साथ ही द्धद्दद्यश्चस्त्रद्दह्यद्मञ्चद्ध11ठ्ठद्य. शह्द पर ईमेल करने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा भी उपभोक्ता फेसबुक और एक्स जैसी सोशल साइट्स के माध्यम से भी अपनी शिकायत है दर्ज कर सकते हैं।



### मानसून सीजन में बिजली के तारों व खम्बो से दूर रहने की हिदायत


उन्होंने कहा कि अभी मानसून सीजन चल रहा है। कहीं पर बिजली की लाइन ढीली है तो कर्मचारियों को सूचना दें। बिजली उपकरणों से लाइन से, पोल से दूर रहें, मवेशियों को भी दूर रखें। कहीं बिजली की लाइन निकल रही है तो आसपास कोई आयोजन न करें। ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर के प्रयासों से पड़ालिया से मारवाड़ा चौकी तक दो किलोमीटर सड़क के लिए 1.20 करोड रुपए स्वीकृत

### ऊर्जा मंत्री में दीगोद क्षेत्र मे, 2 किलोमीटर सड़क की स्वीकृत

उर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पाड़लिया से मारवाड़ा चौकी तक दो किलोमीटर सड़क स्वीकृत हुई है। जिसके लिए 1.20 करोड रुपए की राशि बजट घोषणा के तहत स्वीकृत कर दी गई है। सड़क को लेकर पड़ालिया गांव के लोग ऊर्जा मंत्री श्रीनागर से मिले थे। जब उन्हें इसके स्वीकृत होने की जानकारी दी गई तो उन्होंने ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया और खुशी प्रकट की। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में जाने के लिए यह 2 किलोमीटर का रास्ता बहुत मुश्किल भरा था। जहां पर बरसात में कीचड़ हो जाता है। इस सड़क के बनने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। सड़क का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से कराया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि गावों की सड़कें और खेतों के रास्ते हमारी प्राथमिकता में हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में सड़कों की स्वीकृति जारी हो चुकी है।

## 'रंग मल्हार पर्व' को लेकर तैयारियां शुरू, बच्चे तवे पर बना रहे रंग-बिरंगी आकृतियां

### अच्छी वर्षा की कामना के साथ कलाकार देंगे पर्यावरण-संवेदनशील संदेश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** दीपिका आर्ट अकादमी और नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्रा. लि. के संयुक्त तत्वावधान में सोलहवां रंग मल्हार कार्यक्रम 13 जुलाई (रविवार) को आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। दीपिका आर्ट अकादमी में बच्चे और युवा चित्रकार मिट्टी के तवे पर रंग-बिरंगी आकृतियां उकेर रहे हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। दीपिका पाराशर ने बताया कि *रंग मल्हार* का यह 16वां वर्ष है। अब तक कलाकार छाता, पेपर बैग, साइकिल, लालटेन, हाथ का पंखा, टी-शर्ट, झंडा और एप्रन जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर चित्रकारी कर चुके हैं। इस वर्ष का माध्यम 'मिट्टी का तवा' चुना गया है, जिसे कलाकार अपना कैनवास बनाकर रचनात्मकता दर्शा रहे हैं।

नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक ने बताया कि यह आयोजन प्रसिद्ध कला चिंतक डॉ. विद्यासागर उपाध्याय की परिकल्पना पर आधारित है। इसमें राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों और शहरों से समकालीन कलाकार एवं बाल चित्रकार हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम के तहत 13 जुलाई को दीपिका आर्ट अकादमी में चित्रांकन गतिविधि आयोजित होगी, जबकि 20 जुलाई (रविवार) को कलाकारों द्वारा तवों पर बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी भी यहीं आयोजित की जाएगी।

## बिजली पानी की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए 7 दिन की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी,कोटा ( प्रमोद राठौर )।** रामगंज मंडी में यूथ कांग्रेस की बैठक मे बिजली और पानी की समस्या को लेकर चर्चा की गई चर्चा के बाद रामगंज मंडी एसडीएम के नाम ज्ञापन सोपा गया । यूथ कांग्रेस की ओर से जापान में शहर में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी यदि प्रशासनिक स्तर पर सुधार नहीं किया जा रहा है तो फिर ऐसी सरकार का क्या फायदा 7 दोनों का अल्टीमेटम देने के साथ ही यूथ कांग्रेस ने गाइडलाइन जारी कर दी है कि यदि प्रशासन हमारी उचित मांगों को नहीं मानता है तो हम सड़क पर आकर उग्र आंदोलन करेंगे। यूथ कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नेहा राठी को ज्ञापन सौंपा।

ऑनलाइन सदस्यता कभी आयोजन

बैठक मे यूथ कांग्रेस की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी पवन मजेटिया,कोटा देहात जिला अध्यक्ष विजय सिंह पनाहेड़ा तथा रामगंज मंडी विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम सिंह भदोरिया के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में रामगंज मंडी यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से अपने वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। बैठक मे जिला महासचिव शामिक अली जिला सचिव अनिल औरा विधानसभा उपाध्यक्ष देवी शंकर मीणा नंदन शर्मा अंकुर गौतम आसीफ़ मेंव कमल संगत विवेक शर्मा पवन गुर्जर गोविंद सेन अभिषेक मीणा अभिषेक बोनी मीणा, चंद्र प्रकाश यादव राजेंद्र महावर शाहरुख खान अजय वर्मा अशोक गुर्जर मौजूद रहे।

## इटावा पुलिस ने शातिर चोरो को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( विनोद गौड़ )।** कोटा ग्रामीण की इटावा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में हुई चोरी की वारदात का खुलासा किया है । पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल भी बरामद किया है। आरोपी शोभाग व शोहराम बारां के भोराजेडी व बंबुलिया इलाके के निवासी हैं। दोनों आदतन अपराधी आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दोनों के खिलाफ है दर्ज आरोपी शोभाग के खिलाफ 10 जबकि शोहराम के खिलाफ पहले से 07 मामले दर्ज है। आरोपियों ने पिछले दिनों इटावा में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में घुसकर सीसीटीवी कैमरे में तोड़फोड़ की और एलईडी,टीवी, आटा चक्की, कूलर , मोटर, मिक्सर ग्राइंडर सहित अन्य सामान चुराने की वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए थे,इस मामले में फरियादी हरिओम जांगिड़ ने 1 जून को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल भी बरामद कर लिया फिलहाल इटावा थाना पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है।

# नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष ने चार सूत्रीय मांगों के साथ अधिशाषी अधिकारी को सौंपा पत्र

## विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु नेता प्रतिपक्ष की नपा बोर्ड बैठक बुलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष कन्या देवी सोनी द्वारा सोमवार को नपा अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा को चार सूत्रीय मांगों के शीघ्र समाधान को लेकर पत्र सौंपा गया ।जिसमे विभिन्न प्रस्तावों एवं जन समस्याओं के शीघ्र समाधान को लेकर नगर पालिका बोर्ड बैठक आहूत करने की मांग की गयी है।



नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष कन्या देवी सोनी ने पत्र में बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा विगत दिनों बिना पालिका बोर्ड के प्रस्ताव व बिना पुनर्वास योजना के नगर पालिका को नियमित शुल्क दे रहे केबिनधारकों को ऊहापोह एवं हड़कंप वाली स्थिति में हटाया गया ।जिससे उक्त कार्यवाही निर्धन के ऊपर बेरोजगारी की भारी भरकम मार साबित हुई है ।यहां केबिनधारकों पर मुद्रा लोन,स्वयं सहायता लॉन सहित कई केबिन धारक स्ट्रीट योजना में पंजीकृत है ।साथ ही सरकारे सदैव गरीब कल्याण हेतु कई योजना चलाती है ।परन्तु यहां तो सरकार में उक्त योजना गरीबों को हटाओ साबित हो रही है ।नपा नेता प्रतिपक्ष सोनी ने पत्र के माध्यम से मांग कर बोर्ड बैठक बुलाकर जिन केबिन धारको को हटाया है ।उनके हेतु पुनः पुनर्वास योजना कियोस्क बना इनको आवंटन किया जाये।

साथ ही नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में बताया कि लंबे समय से गुलाब सागर विकास की योजना की मांग पर आरयूडीएसआईसीओ द्वारा बजट आवंटन हुआ है ।उक्त योजना में नगर पालिका के पास बने बस स्टैंड

को गुलाबसागर से रिंग रोड़ बनाकर जोड़ा जाये ।जिससे नगर में यातायात अव्यवस्था पर भी नियंत्रण होकर आमजन हेतु राहतपूर्ण रहेगा ।पत्र के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष द्वारा नगर के प्रवेश मार्ग चित्तौड़ रोड़ एवं लिंकन बालाजी मंदिर मार्ग पर फॉर लाइन सड़क बनाकर बनाने की मांग की गयी है ।जिसमे बताया कि नगर पालिका कपासन के विगत 2 बोर्ड के कार्यकाल में नगर की जनता को कोई नयी फॉर लाइन सड़क की सौगात नहीं मिली है ।नगर पालिका क्षेत्र कपासन के विकास की गतिशीलता में नगर के प्रवेश मार्ग की सड़कों का विस्तार एवं विकास की महत्ती आवश्यकता है ।नगर प्रवेश की मुख्य सड़क चित्तौड़ मार्ग एवं लिंकन बालाजी मार्ग की सड़क के हाल अत्यंत दयनीय स्थिति में है।

उल्लेखनीय है नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष कन्या देवी सोनी द्वारा नगर क्षेत्र में पेयजल के मुख्य एवं विशाल जलस्रोत राजराजेश्वर तालाब के पाल की मरम्मत को लेकर राज्य सरकार से बजट आवंटन कराने हेतु नगर पालिका बोर्ड के समर्थन से प्रस्ताव तैयार कर जल संसाधन विभाग को भेजे जाने की मांग की गयी है। जिससे कपासन नगर हेतु पेयजल उपलब्ध कराने वाले एक मात्र विशाल जलाशय का उचित रखरखाव सुनियोजित हो सके।

## विजयलक्ष्मी को हृदय रोग से मिली राहत, आयुष्मान योजना बनी जीवनदायिनी

### पंडित दीनदयाल अन्त्योदय शिविर में साझा की स्वास्थ्य यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा ) ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरनिया रासा में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 62 वर्षीय विजयलक्ष्मी पारीक ने अपनी स्वास्थ्य यात्रा साझा करते हुए आयुष्मान आरोग्य योजना को जीवनदायिनी बताया। विजयलक्ष्मी, जो लंबे समय से हृदय रोग से पीड़ित थीं, का हाल ही में उदयपुर के गीतांजलि मेडिकल कॉलेज में सफल बायपास ऑपरेशन हुआ। इसकी पूरी लागत आयुष्मान योजना के तहत वहन की गई। उन्होंने बताया कि यदि यह योजना न होती तो इतने महंगे इलाज का खर्च उठाना संभव नहीं था। सरकार का आभार जताते हुए उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि सभी समय रहते अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं और योजना का लाभ लें।



## मोहर्रम जुलूस के परंपरागत मार्ग को यथावत रखने की माँग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा ) ।** मोहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताज़िया, अलम और जुलूस को लेकर सांगानेर के आम मुस्लिम समाज और मदरसा अंजुमन सिरातुन्नबी ने प्रशासन से परंपरागत मार्ग को पूर्ववत बनाए रखने की माँग की है। समाज का कहना है कि प्रशासन द्वारा पारंपरिक मार्ग को बदलने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह अनुचित और अस्वीकार्य है ।समाज की ओर से बताया गया कि दिनांक 14 मार्च 2000 को तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों और दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच एक लिखित समझौता हुआ था, जिसमें यह तय किया गया था कि मोहर्रम का जुलूस परंपरागत मार्ग से ही निकलेगा। यह समझौता आज भी वैध और लागू है। उसी के आधार पर समाज वर्षों से शांति और सौहार्द के साथ मोहर्रम के अवसर पर परंपरागत मार्ग से जुलूस निकालता आ रहा है ।हाल ही में पुलिस और प्रशासन द्वारा इस मार्ग को बदलने का जो दबाव बनाया गया है, उसे समाज ने सिरे से खारिज कर दिया है और इसका कड़ा विरोध जताया है। समाज का कहना है कि यह केवल सांगानेर का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह पूरे भीलवाड़ा की धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक एकता से जुड़ा विषय है। इसी क्रम में दिनांक 30 जून 2025 को सांगानेर के आम मुस्लिम समाज के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्री पर एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस प्रदर्शन में हर आयु वर्ग और हर तबके के लोगों ने भाग लिया और प्रशासन को यह स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी धार्मिक परंपराओं और अधिकारों के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाज का यह भी कहना है कि यदि आज इस बदलाव को मान लिया गया तो आने वाले समय में अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की कोशिशें हो सकती हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द और मजहबी आज़ादी प्रभावित होगी।




## अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों में न्याय, राहत और अधिकार- बदल रही हैं जिंदगियां

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( विनोद गौड़ )।** प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिले में हर पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर पंचायत समिति क्षेत्र में शिविर, 16 विभागों की सहभागिता से इन शिविरों में राजस्व, पंचायतीराज, सामाजिक न्याय, श्रम, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, पीएचईडी सहित कुल 16 विभागों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। शिविरों के माध्यम से 60 से अधिक योजनाओं का लाभ पात्र जनों तक पहुंचने लगा है ।

शिव लगने के पूर्व ही चीनी कारण व सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाती है जिससे कि शिविर में किसी प्रकार का काम बाकी में रहे और लाभार्थी को शीघ्र लाभ दिया जा सके

95 वर्षीय धापू बाई की



शिविर में हुई पेंशन शुरू हुई

लाडपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अरणखेड़ा में सोमवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में जब 95 वर्षीय वृद्धा धापू बाई का मामला सामने आया, तो माहौल भावुक हो गया। धापू बाई का परिवार में कोई नहींकृन आगे, न पीछे। बीपीएल श्रेणी में आने के बावजूद उनकी वृद्धावस्था पेंशन पिछले पांच वर्षों से बंद थी।

शिविर में जब उनका मार्मिक परिवाद सामने आया, तो मौके पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी श्री शैलेश रंजन ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए स्वयं ओटीपी सत्यापन कर पेंशन दोबारा शुरू करवाई, साथ ही उन्हें बीपीएल योजनाओं से भी जोड़ा गया।

इस मार्मिक क्षण को देखकर शिविर में मौजूद कई लोग भावुक हो गए। कुछ ने कहा कि यही असली सुशासन है दृ जहां बात नहीं, सीधा समाधान होता है। धापू बाई की मुस्कान और भीगी आंखें, शिविर की सबसे बड़ी सफलता बन गईं।

लोगों ने इस सराहनीय कार्य के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर संवेदनशील और जनकल्याणकारी शासन का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

वर्षों पुराना खाता विवाद शिविर में हुआ हल, परिजनों को मिली राहत

सोमवार को तहसील सांगोद की ग्राम पंचायत कुन्दनपुर में आयोजित अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में वर्षों पुराना पारिवारिक राजस्व विवाद मौके पर ही सुलझाया गया।

# गौवंशो के उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: विधायक कोठारी

## विधायक ने जिला बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का किया था निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा ) ।** शहर विधायक अशोक कोठारी द्वारा जिला बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था, चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई थी। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि विधायक कोठारी द्वारा जिला बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पशु चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सालय में कई गंभीर कमियां पाई गईं थी, जिन पर विधायक ने गहरी चिंता व्यक्त की।

### मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदु सामने आए

सोनोग्राफी मशीन खराब- अस्पताल में लगी सोनोग्राफी मशीन काफ़ी पुरानी होने से सही नहीं पाई गई तथा अन्य जांचो की मशीने भी उपलब्ध नहीं मिली, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा इस बारे में पूर्व में विधायक कों अवगत नहीं करवाया था। सर्जन डॉक्टर की कमी- चिकित्सालय में सर्जन डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, जिससे गौवंशो के उपचार में बड़ी परेशानी आ रही है।

रेडियोलॉजीस्ट की अनुपलब्धता- स्टाफ द्वारा बताया गया कि सोनोग्राफी मशीन के लिए रेडियोलॉजीस्ट भी उपलब्ध नहीं है। जिससे की इससे सम्बंधित जांचे नहीं हो पा रही है। दवाओं की कमी- स्टोर से कुल 150 में से केवल 100 तरह की दवाइयां ही नि:शुल्क उपलब्ध हो रही है। अव्यवस्था- स्मरण रहे चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को लेकर आम जनता एवं गौसेवको में भारी नाराजगी आ रही है। लगातार शिकायतें मिल रही थी, विधायक ने चिकित्सा व्यवस्थाओं कों सुचारु करने के लिए चिकित्सालय टीम को निर्देशित किया, संसाधनों की कमी होने पर विभाग के अधिकारीयों को समय समय पर सूचित करें तथा विधायक ने आश्वास्त किया कि हमारे द्वारा भी हर संभव प्रयास किया जाएगा।




स्टाफ की कमी- चिकित्सालय में स्टाफ की कमी का मुद्दा भी सामने आया, जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में अपने स्तर से शीघ्र कार्यवाही करेंगे।

विधायक कोठारी ने समस्त अधिकारियों को इन कमियों को तुरंत दूर करने और व्यवस्थाओं में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंशो के उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

"विफलता के बारे में चिंता मत करो, आपको बस एक बार ही सही होना है"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# कर्नाटक कांग्रेस में कलह के संकेत!

## राज्य के गृह मंत्री बोले- 'लक्ष्मण रेखा' न लांघे... रणदीप सुरजेवाला को दी गयी बागियों को समझाने की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**बैंगलुरु ( एजेंसी )।** हाल ही में पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयानों के कारण इस साल के अंत में राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने कहा कि किसी को भी पार्टी की लक्ष्मण रेखा पार नहीं करनी चाहिए। कर्नाटक कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव को लेकर चल रही अटकलों के बीच पार्टी महासचिव और राज्य प्रभारी रणदीप सुरजेवाला सोमवार को बेंगलुरु में पार्टी विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इस मुद्दे पर बोलते हुए कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि उन्हें रणदीप सुरजेवाला के दौरे के पीछे के कारण के बारे में जानकारी नहीं है और उन्होंने कहा कि वह आगामी जिला पंचायत और तालुक पंचायत चुनावों से पहले पार्टी संगठन पर चर्चा कर सकते हैं।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री बदलने संबंधी टिप्पणियां निजी राय

गृह मंत्री जी परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री बदलने के बारे में सत्तारूढ़ कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयान उनकी निजी राय है। हाल ही में पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयानों के कारण इस साल के अंत में राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने कहा कि किसी को भी पार्टी की लक्ष्मण रेखा पार नहीं करनी चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए वह पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा हाल ही में की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसके कारण इस वर्ष के अंत में कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें लगाई जाने लगीं।



### कर्नाटक सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर कलह के संकेत?

पिछले कुछ समय से राजनीतिक हलकों में, खास तौर पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर, इस साल के अंत में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिसमें सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच सत्ता-साझेदारी समझौते (जो सार्वजनिक नहीं किया गया था) का हवाला दिया गया है। लेकिन, पार्टी आलाकमान के सख्त निर्देशों के बाद कुछ समय के लिए ऐसी चर्चाएं थम गई थीं।इस बीच, कर्नाटक के लिये कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला राज्य का दौरा कर रहे हैं और वह पार्टी के विधायकों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इस पर एक सवाल पर गृह मंत्री ने कहा, ''सुरजेवाला जी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हमारे प्रभारी महासचिव हैं, वह विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए कर्नाटक का दौरा करते रहते हैं। जरूरी नहीं कि वे सरकार के मुद्दे ही हों।राजनीतिक रूप से, पार्टी को मजबूत करने, पार्टी कार्यक्रमों को लेकर, और स्वाभाविक रूप से अगर पार्टी या सरकार में कोई गड़बड़ी होती है, तो एक प्रभारी महासचिव के रूप में वह हमारा मार्गदर्शन करेंगे।'' उन्होंने कहा कि साथ ही पिछले कुछ सप्ताहों में कुछ विधायकों ने टिप्पणियां की हैं और वह उन पर भी विचार करेंगे। परमेश्वर कांग्रेस के भीतर असंतोष का जिक्र कर रहे थे, जहां कुछ विधायक अपनी ही पार्टी की सरकार के कामकाज के खिलाफ खुलेआम टिप्पणियां कर रहे हैं।

## 5 दिन, 75 जिंदगियां और एक देश भारत, जिसने अफगानों को दिया नया जीवन, तालिबान भी देगा 100 तोपों की सलामी !



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** वैसे तो राफेल, ब्रह्मोस और आईएनएस विक्रांत भारत की विदेश नीति का एक चेहरा हैं। लेकिन उसका दूसरा चेहरा जयपुर फुट मानवता की मिसाल है। भारत सरकार के सहयोग से बीएमवीएसएस जयपुर यानी भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पांच दिवसीय कैंप लगाया, जिसमें जयपुर फुट लगाए गए। तालिबान भले ही बंदूक से चलता हो, लेकिन भारत ने दिल जीतकर अफगानिस्तान में अपना झंडा लहरा दिया है। काबुल की गलियों में आज जयपुर फुट की धमक है और हिंदुस्तान के लिए तालियां बज रही हैं। भारत ने एक ऐसा काम किया है, जिसे जानकर आपका सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। इसे भारत की कूटनीति और दरियादिली का शानदार नमूना बताया जा रहा है। भारत ने पाकिस्तान के सबसे कट्टर दुश्मन बन चुके देश में कृत्रिम यानी नकली पैर भेज दिए। इसे मिडकल भाषा में प्रोस्थेटिक लिंब कहा जाता है। आपको बता दें कि भारत ने ये खेल अफगानिस्तान में किया है। भारत ने अफगानिस्तान के दिव्यांग लोगों को प्रोस्थेटिक पैर लगाने की शुरुआत कर दी है। पैर लगते ही दिव्यांग अफगानी दौड़ने लगा और उसकी खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। लेकिन इस तस्वीर के सामने आने के बाद चीन और पाकिस्तान के साथ बड़ा खेल हो गया है। दरअसल, भारत की मदद के चलते पहले चरण में 75 दिव्यांग अफगानी अब बिना सहारे चल पाएंगे। वैसे तो राफेल, ब्रह्मोस और आईएनएस विक्रांत भारत की विदेश नीति का एक चेहरा हैं। लेकिन उसका दूसरा चेहरा जयपुर फुट मानवता की मिसाल है। भारत सरकार के सहयोग से बीएमवीएसएस जयपुर यानी भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पांच दिवसीय कैंप लगाया, जिसमें जयपुर फुट लगाए गए। कुल 75 अफगानी नागरिकों को कृत्रिम पैर दिए गए और वो भी बिना किसी कीमत के न कोई पैसा लिया गया और न ही कोई प्रचार किया गया।

## प्रयागराज की दलित लडकी को आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी

### ब्रेनवॉश करके केरल ले गए, धर्म परिवर्तन कराया; पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** यूपी के प्रयागराज की नाबालिग दलित लड़की को केरल में आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग ल?की को अगवा किया। उसे प्रयागराज से केरल ले गए। जबरन धर्म परिवर्तन कराया।फिर उसे जिहाद के नाम से ट्रेनिंग देने लगे। इसी बीच पीि?त वहां से भागकर केरल के एक रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां रेलवे पुलिस को उसने आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस नाबालिग को लेकर प्रयागराज आई। पीडित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कैफ और उसकी साथी एक नाबालिग ल?की को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों के गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं? यह गिरोह अब तक कितने लोगों को शिकार बना चुका है? इसकी जांच के लिए पुलिस की 3 टीमें बनाई गई हैं। वहीं मामला आतंकी ट्रेनिंग से जु?ा होने के कारण एटीएस की प्रयागराज यूनिट फूलपुर थाने पहुंची। ‹्रस् आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आतंकी साजिश को लेकर जांच शुरू की गई है। बताया गया कि एटीएस पीि?त नाबालिग दलित से भी पूछताछ करेगी।

## तेलंगाना भाजपा विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी

### रामचंद्र राव को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की खबर से नाराज, कहा- यह कार्यकर्ताओं के लिए सदमा

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी।टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर



दोबारा विचार करें तेलंगाना में भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए आज नामांकन किया जा रहा है। रामचंदर ने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। दूसरे किसी नेता ने अब तक नामांकन नहीं किया है। ऐसे में एक जुलाई को अध्यक्ष के तौर पर रामचंदर के नाम का ऐलान किए जाने की संभावना है।उधर, रामचंदर के नाम पर नाराजगी जाहिर कर रहे टी राजा को 2022 में पार्टी से निलंबित किया जा चुका है। निलंबन अक्टूबर 2023 में वापस ले लिया गया था। वे तीन बार गोशामहल से विधायक चुने गए हैं। टी. राजा सिंह पर 105 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 18 सांप्रदायिक अपराधों से जु? हैं।

### इस्तीफे में लिखा- चुप्पी को सहमति न समझा जाए

टी राजा ने लिखा- यह पत्र व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के बारे में नहीं है, बल्कि उन लाखों वफादार भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के दर्द और हताशा को दर्शाता है, जो खुद को दरकिनार और अनसुना महसूस करते हैं। कुछ चुनिंदा लोग पर्दे के पीछे से शो चला रहे हैं, जिससे आंतरिक असंतोष और जमीनी स्तर से जुड़ाव खत्म हो रहा है। मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं जो हमारे साथ आस्था में खड़े थे और जो आज निराश महसूस कर रहे हैं।

## भारतीय अफसर बोले-ऑपरेशन सिंदूर में हमारे विमान तबाह हुए : पहले पाक सैन्य ठिकानों पर हमले का आदेश नहीं था; दूतावास बोला- बयान तोडा-मरोडा

बढ़ता राजस्थान

**जकार्ता/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास के सैन्य अफसर कैप्टन शिव कुमार (डिफेंस अटाची) के एक बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती चरण में भारतीय वायुसेना को पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों (डिफेंस एस्टैबलिशमेंट) पर हमला करने की अनुमति नहीं थी। उसे सिर्फ आतंकी ढांचे को निशाना बनाने के निर्देश थे। इसी वजह से भारत ने कुछ लड़ाकू विमान खो दिए।'कैप्टन शिव कुमार 10 जून को जकार्ता की एक यूनिवर्सिटी में 'भारत-पाक वायु युद्ध और इंडोनेशिया की सामरिक रणनीति' विषय पर सेमिनार में बोल रहे थे। इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है।



**कैप्टन शिव कुमार ने प्रजेंटेशन में कहा,**

राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय निर्देशों के कारण ऑपरेशन के शुरुआती चरण में भारतीय वायुसेना पाक सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं कर सकी। हमने कुछ विमान खोए। राजनीतिक नेतृत्व से सैन्य प्रतिष्ठानों या उनकी वायु रक्षा प्रणाली पर हमला न करने का निर्देश था। कैप्टन कुमार ने कहा, 'नुकसान के बाद भारत ने रणनीति बदली और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

### बयान को संदर्भ से अलग पेश किया गया- दूतावास

इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास ने ने कहा- 'डिफेंस अटाची का बयान संदर्भ से हटाकर बताया जा रहा है। उनके प्रजेंटेशन की मंशा और मूल उद्देश्य को गलत पेश किया गया।प्रजेंटेशन में कहा गया है कि भारतीय सेना राजनीतिक नेतृत्व के अधीन कार्य करती है, जो हमारे पड़ोस के कुछ देशों से अलग है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाना था। भारत की प्रतिक्रिया उकसावे वाली नहीं थी।

### कांग्रेस बोली, सरकार ने देश को गुमराह किया

कांग्रेस ने सरकार पर देश को 'गुमराह' करने का आरोप लगाया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'पहले ष्टष्ठस् ने सिंगापुर में महत्वपूर्ण खुलासे किए। अब वरिष्ठ रक्षा अधिकारी इंडोनेशिया में ऐसे दावे करते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करने और विपक्ष को विश्वास में लेने से क्यों इनकार कर रहे हैं? संसद के विशेष सत्र की मांग क्यों खारिज कर दी गई?'

## अहमदाबाद विमान हादसे का फोटो : वीडियो इन्वेस्टिगेशनःएअर इंडिया के ड्रीमलाइनर में टेकऑफ के समय तक सबकुछ ठीक था, खराबी हवा में शुरू हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों का सही ब्योरा आने में अभी समय लगेगा। इस बीच न्यूयॉर्क टाइम्स ने हादसे के फोटो-वीडियो और ऑडियो का विश्लेषण किया है।एविएशन सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, पूर्व पायलटों, जांचकर्ताओं और ऑडियो एक्सपर्ट की मदद से किया गया यह एनालिसिस संकेत देता है कि विमान का टेकऑफ नॉर्मल था। विमान में खराबी हवा में शुरू हुई।रिपोर्ट के मुताबिक टेकऑफ से पहले विमान ने विंग फ्लैप और स्लैट्स को खोला, रनवे की पूरी लंबाई का उपयोग कर जनरल पॉइंट से उड़ान भरी, लेकिन उड़ान



के कुछ सेकेंड बाद लैंडिंग गियर पूरी तरह बंद नहीं हो पाया। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## कोलकाता की लॉ छात्रा के साथ गैंगरेप मामले में पुलिस का बयान, पहले से ही बनाई थी आरोपियों ने योजना, काफी समय से महिला निशाने पर थी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** अलीपुर कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले 31 वर्षीय आपराधिक वकील मोनोजीत मिश्रा को कोलकाता पुलिस ने 25 जून को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 24 वर्षीय प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित गैंगरेप के मुख्य आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया है। हालांकि, यह कानून के साथ उनका पहला टकराव नहीं है। मिश्रा को दो अन्य लोगों - जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) के साथ गिरफ्तार किया गया - जिन्हें भी मामले में सह-आरोपी बनाया गया है। तीनों उस लॉ कॉलेज से जुड़े हैं, जहां कथित वारदात को अंजाम दिया गया। इसके बाद, पुलिस ने कॉलेज के 55 वर्षीय सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को भी घटना के दौरान अपने कर्तव्यों में विफल रहने के लिए गिरफ्तार किया।

कोलकाता की लॉ छात्रा के साथ %गैंगरेप% की योजना पहले से ही बनाई गई थी

- पुलिस रिकॉर्ड का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मिश्रा एक हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़, चोरी और तोड़फोड़ सहित कई गंभीर आरोप हैं।



- मिश्रा कभी तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद से जुड़े छात्र नेता थे, लेकिन 2021 में अनियंत्रित व्यवहार की शिकायतों के कारण उन्हें पद से हटा दिया गया था। ञ्जरूष्ट ने मिश्रा से खुद को अलग कर लिया है।

- शहर के एक लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों में से तीन ने हमले की पहले से योजना बनाई थी, एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को कहा।

- घटना की जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीनों आरोपियों - मोनोजीत मिश्रा, प्रतिम मुखर्जी और जैद अहमद - का कॉलेज की छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है।

- चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। अधिकारी के अनुसार, तीनों अपने मोबाइल फोन पर इस तरह की घटनाओं को रिकॉर्ड करते थे और बाद में फुटेज का इस्तेमाल पीड़ितों को ब्लैकमेल करने के लिए करते थे।

- पुलिस अधिकारी ने कहा, पूरा मामला पहले से ही योजनाबद्ध था। तीनों ने पीड़िता पर इस अत्याचार को अंजाम देने के लिए कई दिनों से साजिश रची थी। हमने पाया है कि पीड़िता को कॉलेज में प्रवेश लेने के पहले दिन से ही मुख्य आरोपी ने निशाना बनाया था।

- कोलकाता पुलिस ने तीनों द्वारा कथित तौर पर फिल्माए गए मोबाइल वीडियो की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा, रविवार को आरोपी मुखर्जी और अहमद के आवासों पर तलाशी ली गई। हम इससे संबंधित फुटेज और संभवत: अन्य घटनाओं की तलाश कर रहे हैं।

- जांचकर्ताओं ने यह भी कहा कि 25 जून के कथित सामूहिक बलात्कार की एक वीडियो क्लिप आरोपियों द्वारा साझा की गई हो सकती है। अधिकारी ने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उन क्लिप को किसी अन्य समूह के साथ फॉरवर्ड या साझा किया गया था। उस मामले में, हमें उन लोगों से संपर्क करना होगा, जिन्हें वह प्राप्त हुआ है।

- उन्होंने कहा कि एसआईटी ने 25 से अधिक लोगों की सूची तैयार की है, जिनमें ज्यादातर दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज के छात्र हैं, जो 25 जून की शाम को शैक्षणिक संस्थान में मौजूद थे। उन्होंने कहा, जांच के सिलसिले में इन सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी। हमें यह पता लगाना है कि उस शाम उन्होंने क्या देखा।

- शहर के कस्बा इलाके में साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की एक छात्रा के साथ कथित तौर पर तीन लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया, जिसमें शैक्षणिक संस्थान का एक पूर्व छात्र और दो मौजूदा छात्र शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार